# श्रमसाधना

दैनिक सांध्यकालीन
श्रम की शक्ति, राष्ट्र की प्रगति
www.shramsadhnanews.com

RNI रजि. क्र. 50069/89
वर्ष : 38, अंक : 08 ग्वालियर, शनिवार 08 अगस्त 2026
विक्रम संवत् 2083 पृष्ठ 12, मूल्य 1 रुपया
डाक पंजीयन
L-2-13/समा.पत्र/पं. 40020181/22-23


### जनविश्वास अभियान की शुरुआत के पहले दिन एक्शन मोड में दिखे मुख्यमंत्री

## सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों को लेकर मुख्यमंत्री सख्त, CMHO-तहसीलदार समेत 3 अफसर किये सस्पेंड

**भोपाल जीएनएस**

मुख्यमंत्री मोहन यादव शुक्रवार को छिंदवाड़ा में एक्शन मोड में नजर आए उन्होंने एक ओर प्रदेश में 'मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान-2026' की शुरुआत की, वहीं दूसरी ओर जनता की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई का संदेश भी दिया छिंदवाड़ा में शिकायतों की सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री ने सीएमएचओ डॉ. नरेश गुन्नाड़े, एक तहसीलदार और एक पटवारी को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए मुख्यमंत्री ने अभियान की शुरुआत के दौरान स्पष्ट किया कि सरकार अब सिर्फ राजधानी और कार्यालयों से नहीं चलेगी, बल्कि हर शुक्रवार अफसरों और जनप्रतिनिधियों को जनता के बीच जाकर समस्याएं सुननी होंगी इसके लिए शुक्रवार को प्रदेश में 'नो मीटिंग डे' रहेगा।

**पोर्टल पर त्रुटिपूर्ण जानकारी, छिंदवाड़ा सीएमओ तत्काल प्रभाव से निलंबित :** मुख्यमंत्री को सीमा तुमराम ने बताया कि उन्होंने प्रसूति सहायता राशि नहीं मिलने की शिकायत की थीं। जांच में सामने आया कि पोर्टल पर दर्ज त्रुटिपूर्ण जानकारी के कारण उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल सका। मुख्यमंत्री ने इसे विभागीय लापरवाही मानते हुए संबंधित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छिन्दवाड़ा डॉ. नरेश गुन्नाड़े को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए।

**सम्मान निधि का लाभ नहीं, तहसीलदार और पटवारी निलंबित :** मुख्यमंत्री को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में मीना बंजारा ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई।



समीक्षा में पाया गया कि परासिया तहसील के संबंधित पटवारी द्वारा गलत प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने के कारण आवेदिका योजना के लाभ से वंचित रही। मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीर मानते हुए परासिया तहसील के संबंधित तहसीलदार सुनैना ब्रम्हे और एक पटवारी सिद्धान्त साहू को निलंबित किया गया है। साथ ही मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता के माध्यम से आवेदिका को एक वर्ष की सहायता राशि प्रदान करने के भी निर्देश दिए।

**सीईओ चौरई और श्रम अधिकारी की एक-एक वेतनवृद्धि रूकी:** मुख्यमंत्री को मानवती वर्मा ने बताया कि वर्ष 2022 में पति संतोष वर्मा की मृत्यु के बाद उन्हें पात्रता अनुसार मुख्यमंत्री संबल योजना अंतर्गत अंत्येष्टि एवं अनुग्रह सहायता राशि नहीं मिली, जिसकी उन्होंने सीएम हेल्पलाईन में शिकायत दर्ज कराई थीं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने प्रकरण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी चौरई तथा श्रम अधिकारी की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री को गोविंद नायक ने बताया कि उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में भू-अभिलेख दुरुस्तीकरण से संबंधित शिकायत प्रस्तुत की। समीक्षा में पाया गया कि एसडीएम द्वारा आदेश जारी किए जाने के बावजूद अभिलेखों में सुधार नहीं किया गया। मुख्यमंत्री ने एसडीएम चौरई, संबंधित तहसीलदार एवं पटवारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की सब्सिडी से जुड़ी शिकायत पर भी पात्र हितग्राही को तत्काल लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए।

**छिंदवाड़ा पहुंचते ही आईटीआई का किया निरीक्षण :** मुख्यमंत्री का एक दिवसीय दौरा सुबह इमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन के साथ शुरू हुआ। यहां से वे सीधे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पहुंचे जहां उन्होंने विभिन्न प्रशिक्षण इकाइयों का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से बातचीत कर प्रशिक्षण व्यवस्था की जानकारी ली और युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार और स्वरोजगार के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने छिंदवाड़ा कलेक्टर कार्यालय स्थित लोक सेवा केंद्र का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### ग्वालियर पुलिस का 'सृजन संवाद' जागरूकता कार्यक्रम

## पड्डा विद्यालय में विद्यार्थियों को कानून, अधिकार एवं सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**ग्वालियर जीएनएस**

पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह (भा.पु.से.) के निर्देशन में आज पड्डा विद्यालय, ग्वालियर में ''सृजन संवाद'' जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री जयराज कुबेर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में विधिक जागरूकता



विकसित करना, उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना, सुरक्षा के प्रति सजग बनाना तथा पुलिस और समाज के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान श्री जयराज कुबेर ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान, बाल अधिकार, किशोर न्याय (जेजे) अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा तथा नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की सरल एवं व्यवहारिक जानकारी दी।

संवादात्मक सत्र में विद्यार्थियों ने कानून, अधिकार और सुरक्षा से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका श्री कुबेर ने सहज एवं व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से उत्तर दिया।



प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी राघव चड्डढा की मुलाकात भी हो गई है । राघव चड्ढा की ये मुलाकात अच्छी रही। ग्रुप में नहीं अलग से मुलाकात हुई है , तय समय से ज़्यादा देर तक चली। राघव का भविष्य उज्जवल है , 'प्रमोशन' की खबर जल्द।

### रोटरी क्लब चंबल का शपथ ग्रहण समारोह कल

**मुरैना।** रोटरी क्लब चंबल मुरैना के नवीन सत्र 2026-27 का शपथ एवं पद दायित्व ग्रहण समारोह 9 अगस्त रविवार को होटल शुभिम रिसोर्ट, बानमोर में आयोजित किया जाएगा। समारोह में रोटरी क्लब चंबल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोटेरियन करतार सिंह राजपूत और सचिव रोटेरियन मयंक श्रीवास्तव अपनी पूरी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर टीम के साथ पद एवं दायित्व की शपथ ग्रहण करेंगे। समारोह में दिल्ली प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती लता गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। वहीं गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में ग्वालियर-चंबल संभाग के डीआईजी डॉ. असित यादव उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में कैट के प्रदेश अध्यक्ष एवं पीडीजी रोटेरियन भूपेंद्र जैन, रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3053 के प्रांतपाल रोटेरियन सीए बृजमोहन अग्रवाल, एमपीसीसीआई ग्वालियर के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, सह प्रांतपाल रोटेरियन सीए प्रकाश अग्रवाल तथा डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी एमपी रोटेरियन आनंद गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी शामिल होंगे।

## विधानसभा अध्यक्ष ने विभिन्न शोकाकुल परिवारों से भेंट कर व्यक्त की संवेदना

**ग्वालियर जीएनएस**

मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष एवं भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने शुक्रवार को ग्वालियर प्रवास के दौरान विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने पूर्व वरिष्ठ विधायक स्वर्गीय श्री बृजेंद्र तिवारी के निधन पर पाटनकर बाजार चौराहा, लश्कर स्थित उनके निवास पर पहुंचकर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने स्वर्गीय तिवारी के सुपुत्र एवं सुपुत्री से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की तथा उन्हें ढांढस बंधाया।

इसके बाद श्री तोमर ने भाजपा ग्वालियर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष श्री प्रेम सिंह राजपूत के पूज्य चाचा स्वर्गीय श्री हेतम सिंह के निधन पर दुर्गा कॉलोनी, मुरार स्थित उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने स्वर्गीय हेतम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए तथा शोकाकुल परिजनों एवं श्री प्रेम सिंह राजपूत से भेंट कर



अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने मध्यप्रदेश पुलिस के सेवानिवृत्त डीएसपी श्री किशोर सिंह भदौरिया एवं भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष श्री रामेश्वर भदौरिया के चाचा स्वर्गीय श्री देवराज सिंह भदौरिया के निधन पर पीएनटी कॉलोनी, ठाटीपुर स्थित उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने स्वर्गीय भदौरिया के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और शोकाकुल परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया। इसी क्रम में श्री तोमर ने पूर्व पार्षद एवं पूर्व एमआईसी सदस्य श्री धर्मेंद्र सिंह तोमर 'गुड्डू' की माताश्री स्वर्गीय श्रीमती संतोष तोमर के निधन पर तानसेन नगर स्थित उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने स्वर्गीय श्रीमती संतोष तोमर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा परिजनों से भेंट कर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।

इस दौरान ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री अशोक जादौन, पूर्व भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री चौधरी वीरेंद्र जैन, मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री अशोक जैन एवं वरिष्ठ नेता श्री कप्तान सिंह सहसारी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# उटिला जन-विश्वास शिविर में सरपंच की कुर्सी पर बैठे 'सरपंच पति', महिला सशक्तिकरण के दावों पर उठे सवाल; प्रशासन कब करेगा सख्त कार्रवाई?

**आकाश कुशवाह**

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत गुरुवार को ग्राम पंचायत उटिला के स्कूल प्रांगण में शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में उटिला सहित बंधौली, बहांगी खुर्द, आरौली, टांकोली, टिहौली, भटपुरा सानी, काशीपुर और बड़ेरा ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी अपेक्षित थी। लेकिन शिविर के दौरान एक ऐसा दृश्य सामने आया जिसने महिला सशक्तिकरण और पंचायत व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सरपंच के स्थान पर उनके पति सरपंच की कुर्सी पर बैठकर कार्यवाही में शामिल दिखाई दिए, जबकि निर्वाचित महिला सरपंच मौजूद नहीं थीं।पंचायती राज व्यवस्था का उद्देश्य महिलाओं को नेतृत्व का अवसर देना है। इसी सोच के तहत पंचायतों में महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई, ताकि वे स्वयं निर्णय लें, योजनाओं की निगरानी करें और जनता के प्रति जवाबदेह रहें। यदि निर्वाचित प्रतिनिधि की जगह उसका पति बैठकर अधिकारों का उपयोग करता है, तो यह व्यवस्था की मूल भावना पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।मध्यप्रदेश सरकार लगातार महिला सशक्तिकरण, नारी सम्मान और महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने की बात करती है। ऐसे में यदि किसी पंचायत में निर्वाचित महिला सरपंच की जगह उनके पति



ही बैठकर पंचायत चलाते दिखाई दें, तो यह न केवल शासन की मंशा के विपरीत है बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की गरिमा पर भी सवाल उठाता है।ग्वालियर कलेक्टर द्वारा पूर्व में नगरीय निकायों में पार्षद पतियों की दखलअंदाजी पर कड़ी नाराजगी जताई जा चुकी है। सार्वजनिक बैठकों में यह स्पष्ट किया गया था कि निर्वाचित प्रतिनिधि स्वयं जिम्मेदारी निभाएंगे, किसी रिश्तेदार को अधिकार नहीं दिए जा सकते। ऐसे में अब पंचायत स्तर पर यदि %सरपंच पति% खुलकर निर्वाचित प्रतिनिधि की भूमिका निभाते दिखाई दें, तो यह प्रशासन के लिए भी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए।सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि सरकारी शिविर में ही सरपंच की कुर्सी पर पति बैठेंगे, तो आम ग्रामीण कैसे पहचान करेंगे कि वास्तविक सरपंच कौन है? जनता किससे जवाब मांगे और किसे अपना निर्वाचित प्रतिनिधि माने? यह स्थिति भ्रम पैदा करने के साथ-साथ लोकतांत्रिक जवाबदेही को भी कमजोर करती है।देश के विभिन्न राज्यों में समय-समय पर ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां निर्वाचित महिला सरपंच के नाम पर उनके पति या अन्य परिजन पूरे पंचायत कार्यों का संचालन करते रहे। कई मामलों में जांच एजेंसियों ने वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों की भी जांच की है। हालांकि प्रत्येक मामले के तथ्य अलग-अलग होते हैं, इसलिए किसी विशेष पंचायत पर बिना जांच ऐसे आरोप नहीं लगाए जा सकते। लेकिन यह अनुभव बताता है कि निर्वाचित प्रतिनिधि के स्थान पर अनधिकृत हस्तक्षेप पारदर्शिता और जवाबदेही को प्रभावित कर सकता है अब आवश्यकता इस बात की है कि जिला प्रशासन इस पूरे मामले का संज्ञान ले। यदि वास्तव में निर्वाचित महिला सरपंच की जगह उनके पति सरकारी कार्यक्रमों में अधिकारपूर्वक बैठकर कार्य कर रहे हैं, तो संबंधित अधिकारियों को तथ्यात्मक जांच कर आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि पंचायतों में केवल निर्वाचित प्रतिनिधि ही अपने अधिकारों का प्रयोग करें और महिला आरक्षण की भावना का किसी भी स्तर पर उल्लंघन न हो।

जन-विश्वास अभियान का उद्देश्य शासन और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करना है। ऐसे में यदि सरकारी मंचों पर ही निर्वाचित प्रतिनिधियों के स्थान पर उनके परिजन बैठेंगे, तो यह अभियान की मंशा पर भी सवाल खड़े करेगा। अब सबकी निगाहें ग्वालियर कलेक्टर पर हैं कि वे इस मामले में क्या रुख अपनाते हैं और पंचायत व्यवस्था की गरिमा बनाए रखने के लिए क्या कदम उठाते हैं।

# नशे में धुत शिक्षक पर गिरी गाज: वायरल वीडियो के बाद कलेक्टर ने किया तत्काल निलंबित

**शिवपुरी, जीएनएस।**

करैरा विकासखंड के शासकीय माध्यमिक विद्यालय लालपुर में पदस्थ एक शिक्षक की शराब के नशे में की गई आपत्तिजनक हरकत आखिरकार उनके लिए भारी पड़ गई। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो की जांच में आरोप सही पाए जाने पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के तहत शिक्षक राकेश कुमार बाधम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। 4 अगस्त को सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में शिक्षक गांव लालपुर में शराब के नशे में अनुचित व्यवहार करते दिखाई दिए थे। वीडियो सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए।

अगले ही दिन विकासखंड शिक्षा अधिकारी करैरा एवं संकुल प्राचार्य, उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करैरा की संयुक्त जांच टीम विद्यालय पहुंची। टीम के पहुंचने से पहले ही करीब 100 ग्रामीण विद्यालय परिसर के बाहर एकत्र होकर शिक्षक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों ने इस संबंध में पंचनामा भी तैयार कर जांच दल को सौंपा।

जांच के दौरान वायरल वीडियो सत्य पाया गया। ग्रामीणों के बयान, पंचनामा तथा विद्यार्थियों के मौखिक कथनों से यह भी सामने आया कि संबंधित शिक्षक पूर्व में भी इस प्रकार के अनुचित आचरण के आरोपों का सामना कर चुका है। जिला प्रशासन के अनुसार शिक्षक का आचरण मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 का उल्लंघन है। यह कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता तथा शासकीय सेवा की गरिमा के प्रतिकूल माना गया है।

इसी आधार पर कलेक्टर ने तत्काल निलंबन के आदेश जारी किए। निलंबन अवधि में शिक्षक का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, खनियाधाना निर्धारित किया गया है तथा नियमानुसार उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

# अनैतिक गतिविधियों जुआ/सट्टा के विरुद्ध गुना पुलिस का सतत अभियान जारी

**गुना, जीएनएस।**

पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के कुशल नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में विभिन्न अवैध एवं अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध अभियान चलाकर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी चाचौड़ा श्री मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में चाचौड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया एवं उनकी टीम द्वारा सट्टे के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अलग-अलग स्थानों पर सट्टा खिला रहे दो सटोरियों को गिरफ्तार किया गया । उल्लेखनीय है कि दिनांक 06 अगस्त 2026 की शाम बीनागंज चौकी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि लहरवा रोड स्थित कलारी के पीछे गली में एक व्यक्ति लोगों को 1 रुपये के बदले 90 रुपये देने का प्रलोभन देकर सट्टा पर्ची काट रहा है । सूचना पर बीनागंज चौकी से पुलिस टीम तत्काल मौके पर रवाना हुई ।

पुलिस टीम ने मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर दबिश देकर सट्टा पर्ची काट रहे आरोपी रामविलास पुत्र संतुलाल जोगी, निवासी बीनागंज, थाना चाचौड़ा को मौके से पकड़ लिया । पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से 5,000/- रुपये नगदी एवं सट्टा सामग्री जप्त की जाकर जिसके विरुद्ध चाचौडा थाने में अप.क्र. 233/26 धारा 4(क) सट्टा अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीवद्ध कर वैद्यानिक कार्यवाही की गई । इसी प्रकार गत दिनांक 06 अगस्त 2026 को ही बीनागंज चौकी को लहरवा रोड किनारे एक व?यक्ति द्वारा एक व्यक्ति द्वारा सट्टा पर्ची काटे जाने की सूचना प्राप्त हुई । सूचना पर पुलिस टीम ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर दबिश दी । पुलिस ने मौके पर सट्टा पर्ची काट रहे आरोपी संजय पुत्र रामबाबू कुशवाह, निवासी अंबेडकर चौराहा बीनागंज, थाना चाचौड़ा को पकड़ लिया ।

# नगर पालिका गुना का वार्ड क्रमांक 01 में लगा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का शिविर

**गुना, जीएनएस।**

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता द्वारा आज मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के शिविर का शुभारंभ किया गया। प्रथम शिविर नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01, नानाखेड़ी बस्ती में लगाया गया इस दौरान नगर पालिका स्टाफ द्वारा वार्ड में भ्रमण कर नागरिकों की समस्याओं की जानकारी ली तथा जिन नागरिकों ने सी एम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई है, उन्हें तत्काल मौके पर जाकर संतुष्टि पूर्ण निराकरण कराया गया।




मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री शैलेश अवस्थी ने बताया कि शासन का उद्देश्य आम नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से परिचित कराना एवं उनका लाभ दिलाना ही प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से आज प्रथम दिवस वार्ड क्रमांक 01 में शिविर लगाया गया है। शिविर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति सविता अरविंद गुप्ता,उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी %धरम%,वार्ड पार्षद राधा भगवान सिंह कुशवाह,ममता तौमर,दिनेश कोरी ,सहायक यंत्री अमित त्यागी,सुनील कुमार जैन, उपयंत्री नितिन चंदेल,राजस्व अधिकारी योगेंद्र सिंह,विद्युत शाखा प्रभारी नरेंद्र नोनेरिया,जल प्रकोष्ठ से रामनाथ मेहरा,उमेश पारीख,स्वास्थ्य शाखा से महाराज सिंह, जयकुवंर वाई,शकील खान,बृजमोहन खरे,प्रधान मंत्री आवास से इन्दर सिंह, अतिक्रमण दस्ता ,सफाई अमला उपस्थित रहे।



वीडी शर्मा की प्रधानमंत्री से मुलाकात
कैंबिनेट रिशफल में केंद्रीय मंत्री बनने की अटकलों के बीच प्रधानमंत्री से मुलाकात करने पहुंचे वीडी शर्मा

# सकल ब्राह्मण महा समिति का सदस्य सम्मेलन 23 को होगा, सदस्यता अभियान जारी

**ग्वालियर, जीएनएस।**

सकल ब्राह्मण महासमिति के अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा महिला अध्यक्ष श्रीमती बीना भारद्वाज महामंत्री डॉ मुन्नालाल शर्मा ने बताया कि सकल ब्राह्मण महासमिति का आजीवन सदस्यता अभियान शुरू किया गया। सकल ब्राह्मण महासमिति अपना चतुर्थ स्थापना दिवस पर दिनांक 23 अगस्त, रविवार सायंकाल 4ः00 बजे, स्थल - सनातन धर्म मंदिर परिसर,लश्कर पर सकल ब्राह्मण महासमिति सदस्य सम्मेलन का आयोजन संस्थापक डॉ जयवीर भारद्वाज जी की अध्यक्षता में किया जाएगा। जिसमें संस्था के मुख्य उद्देश्यों की शपथ दिलाई।साथ ही 46 आजीवन सदस्यों को ब्रह्म शक्ति से सम्मानित किया जाएगा। इसका मुख्य संयोजक श्री एच.बी.शर्मा को मनोनीत किया गया है। सदस्य सम्मेलन की तैयारियां को लेकर सकल ब्राह्मण महासमिति के पदाधिकारियों की बैठक दिनांक 10 अगस्त को सायं काल ठीक 4-00 बजे, श्री परशुरामेश्वरम मंदिर, राम कुई पर होगी। बैठक एवं सदस्यता अभियान का दायित्व संगठन मंत्री ब्रह्म दत्त पाण्डेय शास्त्री एवं कोषाध्यक्ष योगेंद्र दीक्षित, महिला संयुक्त अध्यक्ष संगीता शर्मा, रेनू शर्मा,महामंत्री रचना गौड़ आदि।

# 16 अगस्त को लश्कर ग्वालियर में माहौर ग्वार्रे वैश्य समाज का मिनी परिचय सम्मेलन

**देशभर से जुटेंगे समाजबंधु; योग्य जीवनसाथी की तलाश होगी आसान**

**पोरसा, जीएनएस।**

अखिल भारतीय माहौर ग्वार्रे वैश्य महासभा के तत्वावधान में विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए एक दिवसीय मिनी परिचय सम्मेलन का भव्य आयोजन 16 अगस्त 2026 को पंचवटी, वस्त्र नगर स्थित नर्वदेश्वर महादेव मंदिर, लश्कर (ग्वालियर) में किया जाएगा। इस आयोजन में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों व शहरों से समाजबंधु बड़ी संख्या में सहभागिता करेंगे।

महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश चंद्र मांडिल एवं समस्त पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में परिवारों (विशेषकर कन्या पक्ष) को योग्य वर- की तलाश में अत्यधिक समय, श्रम और धन का व्यय करना पड़ता है। इसी समस्या के निवारण और विवाह प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी व कम खर्चीला बनाने के उद्देश्य से यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। एक ही मंच पर सैकड़ों परिवारों के जुटने से आपसी संवाद और रिश्तों की बात तय करना बेहद आसान होगा।

युवतियों (कन्या पक्ष) के भाग लेने पर प्रोत्साहन हेतु चाँदी का सिक्का उपहार स्वरुप भेंट किया जायेगा,, उक्त जानकारी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश चंद्र मांडिल ने जानकारी देते हुए बताया कि परिचय सम्मेलन में युवतियों (कन्याओं) की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से महासभा द्वारा एक विशेष पहल की गई है। सम्मेलन में भाग लेने वाली प्रत्येक युवती को प्रोत्साहन स्वरूप 5 ग्राम चाँदी का सिक्का (स्द्वद्य1द्गह्- ष्टश्चद्बठ्ठ) उपहार स्वरूप भेंट किया जाएगा। यह उपहार अखिल भारतीय माहौर ग्वार्रे वैश्य महासभा (रजि.) की ओर से निम्नलिखित मातृशक्ति द्वारा प्रदान/प्रायोजित किया जाएगाः

श्रीमती गीता मांडिल (धर्मपत्नी श्री प्रकाश चंद्र मांडिल, राष्ट्रीय अध्यक्ष)

श्रीमती रितु बांदिल (धर्मपत्नी श्री प्रवीण बांदिल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष)

श्रीमती वर्षा गुप्ता (धर्मपत्नी श्री सुरेश चंद्र गुप्ता, राष्ट्रीय महामंत्री)

श्रीमती स्वाति बांदिल (धर्मपत्नी श्री सुरेंद्र बांदिल, कार्यकारिणी सदस्य)

श्रीमती नीलम गोयल (धर्मपत्नी श्री पंकज गोयल, नगर अध्यक्ष - लश्कर)

इन क्षेत्रों से शामिल होंगे परिवार सम्मेलन में ग्वालियर (लश्कर व मुरार), मुरैना, भिंड, डबरा, नूराबाद, अम्बाह, गोहद, मेहगांव, बामौर, नरवर, आगरा, एत्मादपुर सहित देश के अनेक शहरों से माहौर ग्वार्रे वैश्य समाज के परिवार भाग लेंगे।

# अमानक स्तर के खाद्य पदार्थों के 20 प्रकरणों में 11 लाख 15 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित

**इन फर्मों के पंजीयन किए निरस्त**

अपर जिला मजिस्ट्रेट श्री अनिल बनवारिया ने अपने न्यायालय में प्रकरणों की सुनवाई करते हुए 20 प्रकरणों में 11 लाख 15 हजार रुपए की राशि का जुर्माना अधिरोपित किया है। इसके साथ ही दो फर्मों का रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिया है। उन्होंने जिन तीन फर्मों का पंजीयन निरस्त किया है उनमें प्रो. भूरा पाल पुत्र सोनेराम पाल फर्म अंजलि दूध डेयरी गालव नगर 24 बीघा, प्रो. राजेन्द्र सिंह लोधी पुत्र मदन सिंह लोधी फर्म शिवम डेयरी गोल पहाड़िया एवं द्वारिका प्रसाद गुप्ता पुत्र गोविंद दास गुप्ता फर्म श्रीराम दुग्ध डेयरी कटारिया चौराहा जवाहरगंज डबरा शामिल हैं।

**ग्वालियर, जीएनएस।**

ग्वालियर जिले में खाद सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा अमानक स्तर के खाद्य पदार्थ पाए जाने एवं पुनः अपराध करने और बिना पंजीयन के खाद्य कारोबार करने के आरोप में बनाए गए 20 प्रकरणों में सुनवाई उपरांत अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं न्याय निर्णायक अधिकारी ग्वालियर श्री अनिल बनवारिया द्वारा आदेश पारित कर 11 लाख 15 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। इसके साथ ही तीन फर्मों का खाद्य पंजीयन निरस्त करने के आदेश भी पारित किए हैं।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने खाद्य सुरक्षा को लेकर नियमित अभियान चलाकर बिना पंजीयन खाद्य कारोबार करने वालों एवं अमानक स्तर के खाद्य पदार्थ पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निरंतर जिले में भ्रमण कर अमानक स्तर के खाद्य पदार्थों की सेम्पलिंग करने के साथ ही बिना पंजीयन के खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वालों के विरूद्ध भी कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने जिले के सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जिन प्रकरणों में अर्थदण्ड की कार्रवाई की गई है, उनमें संबंधित से राशि वसूलने की कार्रवाई भी सख्ती के साथ की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया है कि खाद्य पदार्थों में मिलावट अथवा अमानक स्तर के खाद्य पदार्थों का विक्रय किसी भी स्थिति में जिले में नहीं होना चाहिए। ऐसा करने वालों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।

**इन फर्मों पर लगाया जुर्माना:** जिन फर्मों के विरूद्ध जुर्माना अधिरोपित किया है उनसे राशि वसूलने की कार्रवाई तत्परता से करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन प्रकरणों में जुर्माना अधिरोपित किया गया है उनमें विशाल सिंह बघेल पुत्र अमर सिंह बघेल निवासी ग्राम जखा घाटीगांव, नवीन कुशवाह पुत्र ओमप्रकाश कुशवाह निवासी डी-ब्लॉक हरिशंकरपुरम, पूरन सिंह कुशवाह पुत्र आशाराम कुशवाह निवासी ग्राम केशवपुर मुरार, रामविलास पुत्र जवाहर सिंह निवासी शिवनगर बिरलानगर, मधुसूदन तिवारी पुत्र भारतकिशन तिवारी निवासी कृष्णापुरी मुरार, मुकेश पाल पुत्र राजू पाल निवासी हुरावली गांव, संजय शर्मा पुत्र महेश प्रसाद शर्मा निवासी सिंहपुर रोड मुरार, बनिया यादव पुत्र मंगलिया यादव निवासी ग्राम बरई घाटीगांव, सूबेदार सिंह बघेल पुत्र रघुवीर सिंह बघेल निवासी बहोड़ापुर, देवेन्द्र सिंह गुर्जर पुत्र भैरोसिंह ग्राम बारे का पुरा बानमोर, शुभम राजपूत पुत्र राकेश सिंह राजपूत निवासी विनय नगर, राधे पाल पुत्र हरीसिंह पाल निवासी खेरियाभान पुरानी छावनी, राकेश गोयल पुत्र लक्ष्मणदास अग्रवाल निवासी दौलतगंज, गोवर्धन पाल पुत्र फूलचंद पाल निवासी घोसी बाड़ा माधौगंज, प्रो. नेतराम कुशवाह पुत्र हरप्रसाद तिघरा रोड ओडपुरा, हीरा सिंह गुर्जर पुत्र काशीराम गुर्जर निवासी जवाहरगंज डबरा एवं जोगेन्द्र सिंह पुत्र रामकिशन सिंह निवासी बघेल मोहल्ला मुरार की फर्म शामिल हैं।

जिन फर्मों के खाद्य पदार्थों के नमूने अमानक पाए गए हैं, उनमें दही, मावा, मिठाई, मिक्स दूध, पनीर, व घी शामिल हैं।

# वर्षा जनित बीमारियों से बचाव को स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**कलेक्टर के निर्देश पर जारी हुई एडवायजरी, सतर्कता और स्वच्छता अपनाने की अपील**

**ग्वालियर, जीएनएस।**

जिले में वर्षा जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग को पूरी तरह अलर्ट मोड पर रखा गया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत व्यापक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा है कि मैदानी अमला पूरी सतर्कता के साथ जरूरतमंदों को समय पर उपचार उपलब्ध कराए। साथ ही अस्पतालों में जरूरी दवाओं का पर्याप्त भण्डारण रहे। कलेक्टर ने बारिश के मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए समय-समय पर जन-जागरूकता संबंधी सलाह भी जारी करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए हैं। कलेक्टर के निर्देशों के पालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम.एस. सागर ने वर्षा जनित बीमारियों से बचाव के लिए एडवायजरी जारी की है। उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में उल्टी-दस्त, हैजा, पीलिया और टायफाइड जैसे जलजनित रोगों का खतरा बढ़ जाता है। इससे बचाव के लिए केवल उबला हुआ एवं ढंककर रखा पानी ही पीने की सलाह दी गई है। एडवायजरी में नागरिकों से बासी एवं खुले में रखे भोजन का सेवन नहीं करने की अपील की गई है।

सड़े-गले तथा कटे-फटे फल खरीदने से बचने, फल एवं सब्जियों को अच्छी तरह धोकर उपयोग करने तथा भोजन बनाने, परोसने और खाने से पहले साबुन से हाथ धोने की सलाह दी गई है। साथ ही खुले में बिकने वाले नाश्ते, चाट-पकौड़ी एवं अन्य खाद्य पदार्थों के सेवन से बचने का आग्रह किया गया है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि बारिश के दौरान मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है।

# निगम का प्रयास सहेजी जाए पानी की हर बूंद

**36 स्थानों पर वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य पूर्ण**

**ग्वालियर, जीएनएस।**

बारिश की हर बूंद अमृत तुल्य होती है, जिसे सहेजा जाना बेहद जरूरी है, इसी कार्य को करने का बीड़ा नगर निगम ग्वालियर ने उठाया है। बारिश की अधिक से अधिक बूंदों को सहेजने के लिए नगर निगम 125 से अधिक वाटर हार्वेस्टिंग करा रहा है। इनमें 75 हार्वेस्टिंग बडी हैं, जबकि 50 से अधिक छोटी वाटर हार्वेस्टिंग हैं। बडी हार्वेस्टिंग में 36 स्थानों पर वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य पूर्ण हो चुकी है, जबकि 39 पर काम जारी है। वहीं नगर निगम आयुक्त ने ऐसे स्थानों का चयन करने के निर्देष दिए हैं, जहां पर वाटर हार्वेस्टिंग की संभावना है।

नोडल अधिकारी वाटर हार्वेस्टिंग श्री राकेष कश्यप ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर के खाली स्थानों पर वाटर हार्वेस्टिंग कराई जा रही है। इसमें पार्क एवं ऐसे स्थान शामिल हैं, जहां पर पानी का जलभराव होता है। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार श्रीराम कॉलोनी पार्क, हरिशंकरपुरम, गणेश पार्क, वसंत विहार, विनय नगर एक्सटेंशन पार्क, अलकापुरी, पंतनगर संस्कार स्कूल के पार्क, सरस्वती नगर, शताब्दीपुरम टाईगर चौक में 2, डीडीनगर मंगल भवन, जनकपुरी पार्क क्रमांक 1 में 2, आदित्यपुरम टमोटिया पार्क, माधव नगर संस्कार गार्डन के पीछे, गोविंद पार्क में 2, सुदर्शन नगर डीडी नगर, कल्पना नगर कनकपुरी पार्क, हरिओम कॉलोनी पार्क, हरिओम कॉलोनी अजय सेठी के सामने रोड पर, 7 नंबर चौराहा मुरार, पब्लिक स्कूल के पास रोड पर, चंबल कॉलोनी में 2, अवाडपुर पहाड़ वाली मस्जिद के पास ईदगाह, गुलमोहर सिटी में बोरिंग कर 50 से 100 की गहराई तक वाटर हार्वेस्टिंग कराई गई हैं।

# बारिश से मच्छरजनित बीमारियों को रोकने, नगर निगम ने शुरू किया एंटी-लार्वा छिड़काव

**ग्वालियर, जीएनएस।**

मंगलवार एवं बुधवार को शहर में हुई बारिश के चलते कई निचले स्थानों पर पानी एकत्र हो गया है। जलजमाव होने के कारण डेंगू, मलेरिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों के तेजी से फैलने का खतरा बढ़ गया है। इस गंभीर स्थिति से निपटने और बीमारियों के प्रकोप को रोकने के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई की जा रही है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देषानुसार वार्ड क्रमांक 2 झाड़ू वाला मोहल्ला, वार्ड 18 सी सेक्टर दीनदयाल नगर, सहित शहर के दो दर्जन से अधिक जलजमाव वाले स्थानों पर मच्छरों के लार्वा को पनपने से रोकने के लिए पानी में बड़े पैमाने पर बलीचिंग पाउडर डाला जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न मोहल्लों और गलियों में कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव (एंटी-लार्वा स्प्रे) कराया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने आसपास पानी एकत्रित न होने दें, कूलरों व गमलों का पानी नियमित रूप से बदलें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।

# राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 8 से 13 अगस्त तक

**परीक्षा के सफल संचालन के लिए कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित**

**ग्वालियर, जीएनएस।**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2026 का आयोजन ग्वालियर में 8 अगस्त से 13 अगस्त तक किया जाएगा। परीक्षा लश्कर स्थित के.आर.जी. कॉलेज परीक्षा केन्द्र पर प्रतिदिन एक सत्र में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा में लगभग 210 अभ्यर्थी शामिल होंगी। परीक्षा के सुचारु एवं सफल संचालन के लिए कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक-113 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम 8 से 13 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे से परीक्षा समाप्त होने तक कार्यशील रहेगा। परीक्षा संबंधी शिकायत, समस्या अथवा सुझाव के लिए अभ्यर्थी कंट्रोल रूम के दूरभाष 0751-2446214 अथवा अधीक्षक श्री आर.आई. भगत के मोबाइल फोन नं. 94251-35143 पर संपर्क कर सकते हैं।परीक्षा प्रभारी का दायित्व संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिवांगी अग्रवाल को सौंपा गया है। वहीं आयोग द्वारा सेवानिवृत्त आई.ए.एस. श्री कृष्ण मोहन गौतम को ग्वालियर जिले के लिए पर्यवेक्षण कार्य हेतु नियुक्त किया गया है।

जिला प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा केन्द्र पर मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ, डिजिटल या स्मार्ट घड़ी सहित किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, धातु की वस्तुएँ, बेल्ट, पर्स, बालों को बांधने वाले क्लचर, बक्कल, हाथ के बैंड, हाथ में पहने जाने वाले मैटेलिक बैल्ट, धूप का चश्मा, पेंसिल, रबर, पेंसिल बॉक्स, स्केल बैग्स, व्हाइटनर, पठन सामग्री तथा अन्य प्रतिबंधित सामग्री लेकर न आएँ। साथ ही जूते-मोजे पहनकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। चप्पल इत्यादि पहनकर आने की अनुमति रहेगी।

भिण्ड-गोरमी के समाचार विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
महेश चौधरी
98267-36233



दैनिक श्रमसाधना
ग्वालियर शिवपुरी से प्रकाशित
www.shramsadhnanews.com
निष्पक्षता-विश्वसनीयता एवं जनहित का संवाहक
श्रमसाधना



# संपादकीय

## प्लास्टिक मुद्रा नोटः सुरक्षित, टिकाऊ और आधुनिक भारत की नई पहचान

भारतीय अर्थव्यवस्था एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहाँ परंपरागत व्यवस्था और आधुनिक तकनीक का समन्वय तेजी से दिखाई दे रहा है। डिजिटल भुगतान की बढ़ती लोकप्रियता के बावजूद नकदी का महत्व आज भी बना हुआ है। ऐसे समय में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्लास्टिक (पॉलिमर) मुद्रा नोटों को चरणबद्ध तरीके से प्रचलन में लाने की तैयारी देश की मुद्रा व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, टिकाऊ और आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। रिज़र्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने संकेत दिए हैं कि प्रारंभिक चरण में 10 और 20 रुपये के प्लास्टिक नोटों का व्यापक परीक्षण किया जाएगा। यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो आगे चलकर 100 और 500 रुपये के नोट भी इसी तकनीक से तैयार किए जा सकते हैं। यह निर्णय किसी प्रकार की नोटबंदी नहीं है, बल्कि मुद्रा प्रणाली के आधुनिकीकरण की एक स्वाभाविक और योजनाबद्ध प्रक्रिया है।

भारत में प्रचलित छोटी मूल्यवर्ग की नोटें सबसे अधिक उपयोग में आती हैं। 10 और 20 रुपये की नोटें कुल प्रचलित नोटों का लगभग एक-चौथाई हिस्सा हैं। यही कारण है कि ये नोट जल्दी फट जाती हैं, गंदी हो जाती हैं और इन्हें बार-बार बदलना पड़ता है। इससे सरकार पर हर वर्ष भारी छपाई लागत आती है। पॉलिमर नोट इस समस्या का प्रभावी समाधान प्रस्तुत करती हैं। इनकी आयु कागज़ी नोटों की तुलना में दो से पाँच गुना अधिक होती है। ये पानी, धूल और नमी से कम प्रभावित होती हैं तथा लंबे समय तक उपयोग योग्य बनी रहती हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी यह परिवर्तन अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत में समय-समय पर नकली नोटों की समस्या सामने आती रही है। पॉलिमर नोटों में पारदर्शी विंडो, उन्नत होलोग्राम, सूक्ष्म मुद्रण तथा अन्य आधुनिक सुरक्षा विशेषताएँ शामिल की जा सकती हैं, जिससे उनकी जाली प्रतियां तैयार करना अत्यंत कठिन हो जाता है। इससे न केवल अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि वित्तीय अपराधों पर भी प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा।

हालाँकि इस परिवर्तन के कुछ व्यावहारिक पक्ष भी हैं, जिन्हें नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। प्लास्टिक नोटों के निर्माण की प्रारंभिक लागत अधिक होगी। एटीएम, करेंसी काउंटिंग मशीनों और वेंडिंग मशीनों में आवश्यक तकनीकी सुधार करने पड़ सकते हैं। इनके पुनर्चक्रण के लिए अलग व्यवस्था विकसित करनी होगी। कुछ लोगों को इन नोटों की कठोरता के कारण शुरुआती असुविधा भी महसूस हो सकती है। लेकिन यदि इन चुनौतियों की तुलना दीर्घकालिक लाभों से की जाए तो यह निवेश भविष्य के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।इस पूरी प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका प्रभावी संवाद की होगी। वर्ष 2016 की नोटबंदी के अनुभव के कारण मुद्रा संबंधी किसी भी नई घोषणा को लेकर आम नागरिकों के मन में स्वाभाविक रूप से आशंकाएँ पैदा होती हैं। इसलिए भारतीय रिज़र्व बैंक और केंद्र सरकार को यह स्पष्ट करना होगा कि कागज़ी नोट तुरंत बंद नहीं होंगे, बल्कि दोनों प्रकार की नोटें एक निश्चित अवधि तक समानांतर रूप से चलन में रहेंगी। किस मूल्यवर्ग के नोट कब जारी होंगे और पुरानी नोटें कितने समय तक वैध रहेंगी, इसका स्पष्ट और समयबद्ध कार्यक्रम सार्वजनिक किया जाना चाहिए। सोशल मीडिया के इस युग में अफवाहें और भ्रामक संदेश कुछ ही मिनटों में व्यापक स्तर पर फैल जाते हैं।

प्रान्तीय कार्यालय : 76 शबरी कॉम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-2 भोपाल, फोन : 0755-2579530
प्रान्तीय ब्यूरो प्रमुख : एल.एन. तवर, 9827781209
प्रान्तीय ब्यूरो : डॉ. जानकी अहिरवार 9406580345
Email:shramsadhnagwl@gmail.com

### धर्मांतरण और राष्ट्रहित से जुड़े सवालों पर पारदर्शिता आवश्यक

# एफसीआरए में संशोधन जरूरी, तभी विदेशी चंदे के दुरुपयोग पर लगेगी रोक

**प्रमोद भार्गव**

विदेशी अंशदान विनिमय अधिनियम (एफसीआरए) संशोधन विधेयक में बाधा केवल विपक्ष ही नहीं, बल्कि विदेशी ताकतें भी बन रही हैं। अमेरिकी सांसद राइली मूर ने इस संशोधन पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि भारत द्वारा गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), ट्रस्टों, शैक्षणिक संस्थानों और धार्मिक संगठनों को विदेशों से मिलने वाले चंदे से जुड़े कानूनों में प्रस्तावित बदलाव चिंता का विषय हैं। उन्होंने यहां तक कहा है कि इससे भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंध प्रभावित हो सकते हैं।




मूर की आपत्ति के पीछे यह तर्क दिया जा रहा है कि अमेरिका सहित कुछ यूरोपीय देश भारत में एनजीओ के माध्यम से ईसाईकरण को बढ़ावा दे रहे हैं। वहीं, इस्लामिक देशों से मतांतरण के लिए आने वाले धन के आतंकी गतिविधियों में इस्तेमाल होने की आशंकाएं भी व्यक्त की जाती रही हैं। ऐसे में राष्ट्रहित और राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एफसीआरए में संशोधन आवश्यक हो जाता है।

केंद्र सरकार ने विदेशी चंदा नियमन कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले करीब 20 हजार स्वयंसेवी संगठनों को अयोग्य घोषित करते हुए इनके लाइसेंस पहले ही रद्द किए हैं। यह कार्रवाई तब की गई थी, जब इनके बही-खातों की जांच में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आई थीं। इससे यह सवाल खड़ा होता है कि आखिर देश में इतने अधिक गैर-सरकारी संगठनों की आवश्यकता और उनकी जवाबदेही क्या है?

मूल रूप से एनजीओ की अवधारणा समाज सेवा, जनजागरूकता और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से की गई थी। इन संगठनों से अपेक्षा थी कि वे सरकार और समाज के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में काम करेंगे। सरकार के पास हर छोटी-बड़ी समस्या के समाधान के लिए सीमित संसाधन होते हैं, इसलिए स्वैच्छिक संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण मानी गई थी।

विकास योजनाओं में आम लोगों की सहभागिता, स्थानीय ज्ञान और सामाजिक सरोकारों को महत्व देने में एनजीओ की भूमिका स्वीकार की गई। लेकिन समय के साथ कुछ संगठनों पर आरोप लगते रहे कि वे अपने मूल उद्देश्य से भटककर निजी हितों, विदेशी एजेंडे और अन्य गतिविधियों में संलग्न हो गए हैं।

एफसीआरए के तहत चंदा प्राप्त करने वाले संगठनों को शिक्षा, स्वास्थ्य, अनाथालय, सामाजिक जागरूकता जैसे क्षेत्रों में कार्य करने की अनुमति होती है। लेकिन कुछ संगठनों पर आरोप है कि वे सेवा कार्यों की आड़ में धर्मांतरण जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं। ऐसे मामलों में पारदर्शिता और निगरानी आवश्यक हो जाती है।

एफसीआरए कानून बनने से पहले विदेशी सहायता से संबंधित नियमों में राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध था, लेकिन स्वयंसेवी संगठनों पर ऐसी कठोर व्यवस्था नहीं थी। इसी कारण पश्चिमी और इस्लामिक देशों से कई भारतीय एनजीओ को विदेशी सहायता मिलती रही। 1980 के दशक में काउंसिल फॉर एडवांसमेंट ऑफ पीपुल्स एक्शन एंड रूरल टेक्नोलॉजी (कपार्ट) जैसी संस्थाओं ने भी कई सामाजिक संगठनों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में भूमिका निभाई।

समय के साथ कुछ एनजीओ न्यायालयों में पर्यावरण, सामाजिक मुद्दों और जनहित से जुड़े मामलों के माध्यम से सक्रिय रहे। वहीं कुछ संगठनों पर आरोप लगे कि वे विवादित मामलों में संदिग्ध गतिविधियों से जुड़े लोगों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराते हैं।

भूमंडलीकरण और उदारीकरण के बाद विदेशी सहायता प्राप्त करने वाले कई एनजीओ आर्थिक रूप से मजबूत हुए। धीरे-धीरे कुछ संगठन सरकार के समानांतर प्रभावशाली शक्ति के रूप में उभरने लगे। विदेशी धन और संरक्षण के कारण कुछ संस्थानों की गतिविधियों पर सवाल भी उठे।

भारत में दीन-दुखियों की सेवा और जरूरतमंदों की सहायता की परंपरा सदियों पुरानी रही है। परोपकार भारतीय संस्कृति और दर्शन का अभिन्न हिस्सा है। लेकिन जब सेवा कार्यों में विदेशी धन का प्रभाव बढ़ता है और पारदर्शिता का अभाव होता है, तो संस्थाओं की विश्वसनीयता पर प्रश्न उठने लगते हैं।

इसलिए आवश्यक है कि धार्मिक और सामाजिक संगठनों की गतिविधियों पर उचित निगरानी रखी जाए, ताकि सेवा के नाम पर किसी प्रकार की अनुचित गतिविधि को बढ़ावा न मिले। एफसीआरए में प्रस्तावित संशोधनों का उद्देश्य विदेशी धन के उपयोग में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और यह देखना होना चाहिए कि प्राप्त धन का उपयोग राष्ट्रहित और घोषित उद्देश्यों के अनुरूप ही हो।

विदेशी चंदे के दुरुपयोग, धर्मांतरण और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषयों पर संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता है। सरकार का दायित्व है कि वह पारदर्शिता सुनिश्चित करे, जबकि सामाजिक संगठनों को भी अपनी विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए जवाबदेह और स्पष्ट कार्यप्रणाली अपनानी होगी।

ऐसे में यह कहना कि एफसीआरए संशोधन के माध्यम से भारत सरकार चर्चों या धार्मिक कल्याण ट्रस्टों को अधिग्रहित करना चाहती है, एक अतिरंजित आशंका प्रतीत होती है। वास्तविक उद्देश्य विदेशी धन के प्रवाह और उपयोग को अधिक पारदर्शी बनाना तथा राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करना होना चाहिए।

# धरती के नीचे जीवन की नई खोज वैज्ञानिकों ने खोले नए रहस्य

**डॉ विजय गर्ग**

जब भी हम जैव विविधता की बात करते हैं, तो हमारी कल्पना में घने जंगल, नदियाँ, महासागर, पक्षी, जानवर और रंग-बिरंगे पौधे आते हैं। लेकिन पृथ्वी पर जीवन का एक विशाल संसार ऐसा भी है जो हमारी आँखों से पूरी तरह ओझल है। यह संसार धरती की सतह के नीचे, मिट्टी की परतों और चट्टानों के बीच मौजूद है। हाल के वर्षों में वैज्ञानिकों ने भूमिगत जैव विविधता पर किए गए शोधों के माध्यम से ऐसे अनेक रहस्यों का खुलासा किया है, जिन्होंने जीवन और पारिस्थितिकी के बारे में हमारी समझ को नई दिशा दी है।

मिट्टी केवल धूल या खनिजों का मिश्रण नहीं है, बल्कि यह अरबों जीवों का घर है। एक मुट्ठी स्वस्थ मिट्टी में अरबों सूक्ष्मजीव, हजारों प्रकार के बैक्टीरिया, कवक, शैवाल, प्रोटोजोआ, नेमाटोड, केंचुए, कीट और अनेक सूक्ष्म जीव-जंतु पाए जाते हैं। ये सभी मिलकर मिट्टी को जीवित बनाए रखते हैं और पृथ्वी के पारिस्थितिक संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी पर ज्ञात प्रजातियों का एक बड़ा हिस्सा अभी तक खोजा ही नहीं गया है और उनमें से अधिकांश भूमिगत जीवन से जुड़ी हो सकती हैं। आधुनिक डीएनए अनुक्रमण , मेटाजीनोमिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी तकनीकों की सहायता से शोधकर्ताओं ने मिट्टी में मौजूद असंख्य सूक्ष्मजीवों की पहचान शुरू की है। इनमें से अनेक ऐसे हैं जिन्हें पहले कभी देखा या वर्गीकृत नहीं गया था।

भूमिगत जैव विविधता का सबसे महत्वपूर्ण योगदान मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में है। सूक्ष्मजीव मृत पौधों और जीवों को विघटित कर पोषक तत्वों को पुनः मिट्टी में लौटाते हैं। यही प्रक्रिया पौधों को आवश्यक नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और अन्य पोषक तत्व उपलब्ध कराती है। यदि ये सूक्ष्म जीव न हों, तो प्राकृतिक पोषक चक्र लगभग ठप पड़ जाएगा और कृषि उत्पादन गंभीर रूप से प्रभावित होगा।

धरती के नीचे रहने वाले कवक और पौधों की जड़ों के बीच बनने वाला सहजीवी संबंध, जिसे माइकोराइजा कहा जाता है, प्रकृति की सबसे अद्भुत व्यवस्थाओं में से एक है। यह संबंध पौधों को पानी और खनिज तत्वों के अवशोषण में सहायता करता है, जबकि कवकों को पौधों से भोजन प्राप्त होता है। वैज्ञानिक इसे जंगलों और कृषि दोनों के स्वास्थ्य का आधार मानते हैं।

भूमिगत जैव विविधता जलवायु परिवर्तन से निपटने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। स्वस्थ मिट्टी बड़ी मात्रा में कार्बन को अपने भीतर संग्रहित कर सकती है। इसे कार्बन सिंक कहा जाता है। यदि मिट्टी का स्वास्थ्य बिगड़ता है, तो यह कार्बन वातावरण में वापस पहुँच सकता है, जिससे वैश्विक तापमान बढ़ने का खतरा और अधिक हो जाता है। इसलिए मिट्टी का संरक्षण जलवायु संरक्षण से सीधे जुड़ा हुआ है।


हाल के शोधों से यह भी संकेत मिले हैं कि मिट्टी में रहने वाले अनेक सूक्ष्मजीव ऐसे रासायनिक यौगिक बनाते हैं जिनसे नई एंटीबायोटिक दवाओं, कैंसररोधी औषधियों और अन्य जीवनरक्षक दवाओं का विकास संभव हो सकता है। मानव स्वास्थ्य के लिए भी यह भूमिगत संसार संभावनाओं का एक विशाल भंडार है। दुर्भाग्य से यह अनमोल जैव विविधता कई खतरों का सामना कर रही है। अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का प्रयोग, वनों की कटाई, अनियंत्रित शहरीकरण, खनन, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन मिट्टी के जीवों को प्रभावित कर रहे हैं। मिट्टी की गुणवत्ता घटने से केवल कृषि ही नहीं, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। विशेषज्ञों का मानना है कि मिट्टी को केवल उत्पादन का साधन नहीं, बल्कि एक जीवित पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में देखा जाना चाहिए। प्राकृतिक खेती, जैविक खाद, फसल चक्र, वृक्षारोपण और भूमि संरक्षण जैसी विधियाँ भूमिगत जैव विविधता को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

# हर घर तिरंगा अभियान, मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान और एक पेड़ माँ के नाम अभियान का जिले में बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए

**ग्वालियर, जीएनएस।** प्रदेश में ÷हर घर तिरंगा÷ अभियान 9 से 17 अगस्त तक चलाया जायेगा। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के जश्न को इस अभियान के साथ जोड़कर मनाया जायेगा। सम्पूर्ण प्रदेश की तरह ग्वालियर जिले में भी ÷हर घर तिरंगा÷ अभियान पूरी गरिमा और भव्यता के साथ आयोजित हो, इसके लिये सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने गुरुवार को गूगल मीट के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान, मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान एवं एक पेड़ माँ के नाम अभियान के संबंध में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। उन्होंने प्रदेश के इन तीनों अभियानों को ग्वालियर जिले में पूर्ण गरिमा और वैभवता के साथ मनाने की बात कही।

हर घर तिरंगा अभियान, मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान एवं एक पेड़ माँ के नाम अभियान की तैयारियों के लिये गूगल मीट के माध्यम से की गई समीक्षा बैठक में प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं उद्यानिकी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह, नगर निगम सभापति श्री मनोज तोमर, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, सीईओ जिला पंचायत श्री सोजान सिंह रावत सहित जिले के विभागीय अधिकारी शामिल हुए।

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण प्रदेश की तरह ग्वालियर जिले में भी हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगे की थीम पर प्रदर्शनी, रंगोली, साइकिल रैली, तिरंगा यात्रा, तिरंगा प्रश्नोत्तरी जैसे विभिन्न आयोजन पूरी गरिमा के साथ किए जाएं। उन्होंने कहा कि इस अभियान को जिले में जन आंदोलन बनाया जाए।




समाज के सभी वर्गों को इसमें भागीदार बनाया जाए। उन्होंने कहा है कि जिले के स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों का इस अभियान के तहत सम्मान किया जाए। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में जिन प्रतिभाशाली लोगों ने ग्वालियर का मान बढ़ाया है, उन्हें भी तिरंगा यात्रा के दौरान शामिल किया जाए।

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कहा है कि आम दिनों में सरकार शासन के प्रति विश्वास जागृत करने के उद्देश्य से प्रदेश भर में आयोजित किए जा रहे मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान को भी पूरी गंभीरता के साथ आयोजित किया जाए। शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक शुक्रवार को सभी विभागीय अधिकारी शिविर आयोजित कर नागरिकों से चर्चा करें और उनकी समस्याओं का निराकरण करने के साथ-साथ शासन की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ भी दिलाया जाए। इसके साथ ही उद्योग धंधों से जुड़े हुए व्यापारियों से भी संवाद हो। शासन के विभिन्न कार्यालयों का संचालन बेहतर ढंग से हो, इसके लिये निरीक्षण भी किए जाएं। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने समीक्षा के दौरान कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर सम्पूर्ण देश में पर्यावरण संरक्षण के लिये चलाए जा रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान का भी ग्वालियर जिले में बेहतर क्रियान्वयन हो। 15 अगस्त के बाद जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में जिलेवासियों की सहभागिता के साथ एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया जाए। प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं उद्यानिकी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि ग्वालियर जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरूप हर घर तिरंगा अभियान, मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिये एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत बेहतर कार्य किया जायेगा। इसके लिये जिले की पूरी टीम कार्ययोजना बनाकर कार्य करे।

इन अभियानों में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं के साथ-साथ युवाओं को भी शामिल किया जाए। समीक्षा बैठक में नगर निगम सभापति श्री मनोज तोमर ने भी कहा कि शहरी क्षेत्र में नगर निगम के सभी पार्षदों के साथ अभियानों में बढ़-चढ़कर भागीदारी की जायेगी। सभी वार्डों में हर घर तिरंगा अभियान के तहत रैलियों का आयोजन और हर घर तिरंगा पहुँचाने का कार्य भी किया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट को आश्वस्त किया कि ग्वालियर जिले में हर घर तिरंगा अभियान के आयोजन के लिये सभी तैयारियां कर ली गई हैं। शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न आयोजन कर समाज के सभी वर्गों को जोड़ने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया एवं प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से भी समाज के सभी वर्ग इस अभियान में भागीदार बनें, इसके सार्थक प्रयास किए जायेंगे। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने बताया कि शहरी क्षेत्र में हर घर तिरंगा अभियान, मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान और पर्यावरण संरक्षण के लिये सभी तैयारियां कर ली गई हैं। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत नगर निगम द्वारा एक पहाड़ी का चयन कर वृहद वृक्षारोपण की कार्ययोजना भी तैयार की गई है।

## परीक्षा सॉल्वर गैंग पर बड़ी कार्रवाई, आरोपी गिरजेश की 51.22 लाख की संपत्ति कुर्क

**फिरोजाबाद, जीएनएस।** प्रतियोगी परीक्षाओं में सॉल्वर बैठाकर अवैध कमाई करने वाले गैंग के सदस्य पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोपी गिरजेश की 51 लाख 22 हजार 778 रुपये मूल्य की चल और अचल संपत्ति कुर्क कर जब्त कर ली गई। कार्रवाई में मकान, प्लॉट और एक दोपहिया वाहन शामिल हैं। थाना मक्खनपुर क्षेत्र के जाफराबाद निवासी गिरजेश पुत्र सुरेश के खिलाफ थाना शिकोहाबाद में गैंगस्टर एक्ट सहित धोखाधड़ी, जालसाजी और आईटी एक्ट की धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी ने प्रतियोगी परीक्षाओं में सॉल्वर बैठाकर अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित की थी। जिलाधिकारी के आदेश तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में थाना मक्खनपुर पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत 51.22 लाख रुपये की अपराध से अर्जित संपत्ति कुर्क कर जब्तीकरण की कार्रवाई की।

एसएसपी ने बताया कि संगठित अपराधियों और गैंगस्टर एक्ट के आरोपियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। अपराध से अर्जित अवैध संपत्तियों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

## वाराणसी मंडल में आरपीएफ पुलिस का सराहनीय अभियान दो मोबाइल चोर गिरफ्तार,बिछड़े बुजुर्ग को परिजनों से मिलाया,घायल यात्री को दिलाई त्वरित चिकित्सा सहायता

**संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त पंकज चुघ के नेतृत्व में पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल की रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा मानवीय सेवा कार्यों के लिए निरंतर सक्रिय एवं प्रतिबद्ध है।

रेलवे सुरक्षा बल द्वारा समय-समय पर यात्रियों की सुरक्षा बचपन बचाओ अभियान मानव तस्करी की रोकथाम तथा जरूरतमंद यात्रियों की सहायता हेतु प्रभावी कार्रवाई की जा रही है 7 इसी क्रम में 5 अगस्त 2026 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सिवान एवं रेल राजकीय रेल पुलिस



सीवान की संयुक्त टीम ने सीवान रेलवे स्टेशन पर दो शातिर मोबाइल चोरों को गिरफ्तार किया 7 दोनों अभियुक्त छपरा,गोरखपुर रेलखंड के रेलवे स्टेशनों एवं ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे 7 उनके कब्जे से ओप्पो एवं रियलमी कंपनी के दो चोरी के मोबाइल फोन,जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 35000 बरामद किए गए 7 दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध रेल थाना सीवान में भारतीय न्याय संहिता सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी 7 इसी क्रम में रेल मदद 139 पर प्राप्त सूचना के आधार पर गाड़ी संख्या 12566 से यात्रा कर रहे 70 वर्षीय किशोरी पासवान अपने परिजनों से बिछड़ गए थे 7 सूचना प्राप्त होते ही आरपीएफ पोस्ट सिवान के जवानों ने तत्काल खोजबीन कर उन्हें सुरक्षित बरामद कर अपने संरक्षण में रखा 7 आवश्यक सत्यापन एवं दस्तावेजों की जांच के उपरांत 5 अगस्त 2026 को उन्हें उनकी पुत्री मंजू कुमारी पासवान निवासी जनकपुर (नेपाल) को विधिवत सुपुर्द कर दिया गया 7 अपने परिजन को सकुशल पाकर परिवार ने रेलवे सुरक्षा बल की संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्यवाही के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार 5 अगस्त 2026 को सुरक्षा नियंत्रण कक्ष वाराणसी से सूचना प्राप्त हुई कि फेफना रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 14524 से उतरते समय एक युवक गिरकर घायल हो गया है।

## 15 अगस्त से भवन कर के बकायेदारों को ब्याज में मिलेगी 100 प्रतिशत छूट

**संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** शहर के भवन स्वामियों के लिए राहत भरी खबर है नगर निगम ने गृहकर (संपत्ति कर) के बकायेदारों को बड़ी राहत देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन की %एकमुश्त समाधान योजना% (ओटीएस) लागू की है।

इस योजना के तहत 1 अप्रैल 2026 तक के बकाये भवन कर पर लगने वाले ब्याज में शत-प्रतिशत (100 प्रतिशत) की छूट प्रदान की जाएगी 7 ?नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि यह जनहितकारी योजना 15 अगस्त से 15 दिसंबर 2026 तक प्रभावी रहेगी 7 योजना का लाभ उठाने के लिए भवन स्वामियों को निर्धारित समयावधि के भीतर नगर निगम के मुख्य कार्यालय या अपने संबंधित जोनल कार्यालय में आवेदन देकर बकाया कर जमा करना होगा 7 ?इस योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि करदाता बकाया राशि का भुगतान केवल एकमुश्त ही नहीं बल्कि अपनी सुविधा के अनुसार तीन किश्तों में भी कर सकते हैं 7 यह छूट नगर निगम सीमा के अंतर्गत आने वाले सभी पात्र भवन स्वामियों पर लागू होगी 7 इस सुविधा को प्राप्त करने हेतु भवन स्वामी को 15 अगस्त से 14 नवंबर तक संबंधित जोन पर आवेदन करना होगा,यह आवेदन ऑनलाइन चैट बॉट नंबर 8601872601) पर तथा ऑफलाइन किया जा सकता है 7

महापौर अशोक कुमार तिवारी व नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं 7 उन्होंने कहा कि नागरिक समय पर अपना बकाया भवन कर जमा कर भारी-भरकम ब्याज से पूरी तरह मुक्ति पाएं और बनारस के विकास में सहभागी बनें।

### ऑपरेशन 'मुस्कान' के तहत वाराणसी जीआरपी पुलिस की बड़ी सफलता

## तीस मिनट में स्टेशन से लापता दो वर्षीय गुमशुदा बच्ची सकुशल बरामद,परिजनों ने जताया आभार

**(संतोष कुमार सिंह )**

**वाराणसी।** पुलिस महानिदेशक रेलवे श्री प्रकाश डी,पुलिस महानिरीक्षक श्री एन. कोलान्ची,पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग प्रयागराज प्रशान्त वर्मा द्वारा लगातार मानिटरिंग व निर्देशन के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे वाराणसी कुँवर प्रभात सिंह के निकट पर्यवेक्षण में चलायें जा रहे है अभियान आपरेशन मुस्कान के तहत रेलवे स्टेशन,प्लेटफार्मो व सरकुलेटिंग एरिया में चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं अपराधियों/वारण्टियों की गिरफ्तारी व बरामदगी अवैध तस्करी के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक रजोल नागर के निर्देशन में उप निरीक्षक गुलाम अख्तर अली,हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार यादव,कांस्टेबल सुजेश यादव थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी के द्वारा प्लेटफार्म व सर्कुलेटिंग एरिया में मामूर थे कि राकेश राम पुत्र राधेश्याम राम निवासी धरमपुरा थाना भांवरकोल जिला गाजीपुर मोबाइल नम्बर 9918435681 द्वारा सूचना दिया गया की मेरीड लडकी अम्बे जो की मात्र दो वर्ष की है स्टेशन परिसर में तीन बजे दोपहर से कही खो गयी है 7 सूचना प्राप्त होते ही मुझ प्रभारी निरीक्षक द्वारा एक टीम गठित की गयी उपरोक्त उपनिरीक्षक द्वारा अपनी टीम के साथ सूचना को गंभीरता से लेते हुये उक्त गुमशुदा बच्ची की खोजबीन हेतु रेलवे स्टेशन परिसर में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया गया। रेलवे स्टेशन के विभिन्न प्लेटफार्मो, प्रतीक्षालयों,प्रवेश एवं निकास द्वारों तथा अन्य संभावित स्थानों पर गहनता से तलाश की गयी 7 साथ ही स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी बच्ची की तलाश की गयी 7 खोजबीन के दौरान सर्कुलेटिंग एरिया सिगरा साइड में एक बच्ची घूमती हुई दिखाई दी बच्ची को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया गया 7 उसके पिता को बुलाकर बच्ची की शिनाख्त करायी गयी तो बच्ची अपने पिता को देखकर पहचान गई यह वही गुमशुदा बच्ची थी जिसकी सूचना उसके पिता द्वारा दी गयी थी 7बच्ची को सकुशल उसके पिता राकेश राम पुत्र राधेश्याम राम निवासी धरमपुरा थाना भांवरकोल जिला गाजीपुर मोबाइल नम्बर 9918435681 को सुपुर्द कर दिया गया 7 इस प्रकार थाना जीआरपी कैण्ट वाराणसी की तत्परता एवं सतर्कता के कारण गुमशुदा बच्चा को मात्र तीस मिनट के अन्दर खोजकर सुरक्षित उसके परिजनों से मिलाया गया 7 अपनी पुत्री को सुरक्षित पाकर परिजनों द्वारा जीआरपी टीम एवं पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया गया ।



## सावन माह में भक्तों ने श्री मद् भागवत कथा प्रारंभ होने के पहले भक्त जनों ने निकाली कलश यात्रा

**जालौन।** सावन के शुभ अवसर पर मंदिर दरबार से भागवत परीक्षित एवं परिवार अन्य भक्त गणो की मौजूदगी में विद्वान पंडित के द्वारा पूजा अर्चना कर नगर के विभिन्न सड़कों में कलश यात्रा निकालकर यमुना तट पहुंची। गुरुवार को रिमझिम बारिश के बीच मराठा कालीन गणेश मंदिर दरबार से भागवत व्यास कृष्णकांत तिवारी के द्वारा पूजा अर्चना कर मौजूद भक्तों के द्वारा कलश यात्रा ढोल नगाड़ों के तहत जय उद्घोष के नारों से मंदिर से आगाज होती हुई सब्जी बजरिया से होती हुई पुरानी कोतवाली से होते हुए यमुना तट के किनारे पहुंच कर महिलाएं भक्तों ने अपने कलशों पर यमुना मईया का जल भरकर सर में रखते हुए भक्त गण वापस होते हुए पुनः सड़कों से राधे गार्डन गेस्ट हाउस में पहुंचकर मौजूद भागवत कथा के द्वारा पूजा अर्चना कर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

(9 अगस्त से 15 अगस्त हर घर तिरंगा अभियान पर विशेष)

# राष्ट्रप्रेम, एकता और जनभागीदारी का महापर्व-हर घर तिरंगा अभियान

-सुरेन्द्र शर्मा



÷तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं, त्याग, बलिदान और गौरव का प्रतीक है।÷

भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा प्रत्येक भारतीय के आत्मसम्मान, स्वतंत्रता, लोकतंत्र और राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है। इसकी तीनों रंग-पट्टियाँ और अशोक चक्र हमारे राष्ट्र के आदर्शों, मूल्यों और विकास यात्रा की प्रेरणा देते हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से तिरंगा केवल सरकारी भवनों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि प्रत्येक भारतीय के हृदय में सम्मान और गर्व का विषय बना। इसी भावना को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने ÷हर घर तिरंगा अभियान÷ का शुभारंभ किया, जो आज एक जनआंदोलन का स्वरूप धारण कर चुका है।

÷हर घर तिरंगा÷ अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रध्वज के साथ भावनात्मक रूप से जोड़ना तथा राष्ट्रप्रेम की भावना को सुदृढ़ करना है। इस अभियान का उद्देश्य केवल घरों पर तिरंगा फहराना नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय को अपने राष्ट्र के गौरव, स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों और संविधान के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का स्मरण कराना भी है।यह अभियान नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और अपनत्व की भावना विकसित करता है तथा यह संदेश देता है कि भारत की शक्ति उसकी एकता, विविधता और लोकतांत्रिक मूल्यों में निहित है।

वर्ष 2022 में भारत ने स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने पर ÷आज़ादी का अमृत महोत्सव÷ मनाया। इसी अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में ÷हर घर तिरंगा÷ अभियान प्रारंभ किया गया। इस अभियान को देशभर में अभूतपूर्व जनसमर्थन प्राप्त हुआ। करोड़ों परिवारों ने अपने घरों, कार्यालयों, दुकानों, विद्यालयों और संस्थानों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रप्रेम का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।

इसके बाद यह अभियान प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाने लगा। विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, पंचायतों और शहरी निकायों ने इसे जनभागीदारी का उत्सव बना दिया। हर घर तिरंगा अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि नागरिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण है। इसमें देश के प्रत्येक वर्ग-बच्चों, युवाओं, महिलाओं, किसानों, सैनिकों, शिक्षकों, व्यापारियों और कर्मचारियों-की सक्रिय भागीदारी देखने को मिलती है। विद्यालयों में तिरंगा यात्रा, प्रभात फेरी, देशभक्ति गीत, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती हैं। युवा सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान को नई ऊर्जा देते हैं। विभिन्न स्वयंसेवी संगठन और सामाजिक संस्थाएँ तिरंगा वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करती हैं।

आज का युवा भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा शक्ति है। हर घर तिरंगा अभियान युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करता है। जब युवा स्वयं तिरंगा लेकर अभियान में भाग लेते हैं, तब वे केवल ध्वज नहीं फहराते, बल्कि राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का संकल्प भी लेते हैं। यह अभियान युवाओं को स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष, संविधान के आदर्शों और भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन गया है।

यह अभियान राष्ट्रीय एकता एवं एकात्मकता का भी प्रतीक है हमारा भारत अनेक भाषाओं, संस्कृतियों, परंपराओं और विविधताओं वाला देश है, लेकिन तिरंगा हम सभी को एक सूत्र में बाँधता है। चाहे हिमालय की ऊँचाइयाँ हों, रेगिस्तान की धरती, समुद्र तट या उत्तर-पूर्व का कोई गाँव-हर स्थान पर एक ही तिरंगा पूरे देश की एकता का संदेश देता है।

हर घर तिरंगा अभियान यह सिद्ध करता है कि भारत की वास्तविक शक्ति उसकी विविधता में निहित एकता है। यह अभियान जाति, भाषा, क्षेत्र और धर्म से ऊपर उठकर केवल भारतीय होने का गौरव अनुभव कराता है।

आज जब तिरंगा पूरे विश्व में भारत की पहचान बन चुका है, तब यह जानना अत्यंत प्रेरणादायक है कि इसे राष्ट्रध्वज बनने तक पहुँचने में कई दशकों का संघर्ष, विचार-विमर्श और राष्ट्रभक्तों का समर्पण लगा।

उन्नीसवीं शताब्दी के अंत और बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में



भारत अंग्रेजी शासन के अधीन था। स्वतंत्रता आंदोलन तेज़ी से आगे बढ़ रहा था, किंतु पूरे देश का प्रतिनिधित्व करने वाला कोई साझा राष्ट्रीय ध्वज नहीं था। विभिन्न क्रांतिकारी संगठनों और राष्ट्रीय नेताओं ने अनुभव किया कि जैसे प्रत्येक स्वतंत्र राष्ट्र का अपना ध्वज होता है, वैसे ही भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को भी एक ऐसे ध्वज की आवश्यकता है जो समस्त देशवासियों को एक सूत्र में बाँध सके। 7 अगस्त 1906 को कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) के पारसी बागान स्क्वायर में भारत के प्रथम अनौपचारिक राष्ट्रीय ध्वज को फहराया गया। इसमें हरे, पीले और लाल रंग की तीन क्षैतिज पट्टियाँ थीं। इस ध्वज पर कमल के पुष्प, ÷वंदे मातरम्÷ और सूर्य-चंद्र के प्रतीक अंकित थे। यद्यपि इसे आधिकारिक मान्यता नहीं मिली, फिर भी इसने भारतीयों में राष्ट्रीय चेतना का संचार किया। उसके बाद महान स्वतंत्रता सेनानी मैडम भीकाजी कामा ने सन 1907 में जर्मनी के स्टुटगार्ट में आयोजित अंतरराष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन में भारतीय ध्वज फहराकर विश्व समुदाय के सामने भारत की स्वतंत्रता की माँग को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। यह पहली बार था जब भारत का ध्वज किसी अंतरराष्ट्रीय मंच पर लहराया गया। इस ऐतिहासिक घटना ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को वैश्विक पहचान दिलाई। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और एनी बेसेंट के नेतृत्व में चलाए गए होम रूल आंदोलन के दौरान 1917 में एक नया ध्वज अपनाया गया। इसमें पाँच लाल और चार हरी पट्टियाँ, सप्तऋषि तारामंडल तथा एक कोने में ब्रिटिश यूनियन जैक और अर्धचंद्र-सितारा अंकित थे। यह ध्वज स्वतंत्रता आंदोलन की नई दिशा का प्रतीक बना, किंतु व्यापक राष्ट्रीय स्वीकृति प्राप्त नहीं कर सका।

भारत के राष्ट्रीय ध्वज के इतिहास में पिंगली वेंकैया का नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित है। वे एक शिक्षाविद्, कृषिविज्ञानी और प्रखर राष्ट्रभक्त थे। उन्होंने वर्षों तक विभिन्न देशों के ध्वजों का अध्ययन किया और भारत के लिए उपयुक्त ध्वज की रूपरेखा तैयार की। 1921 में विजयवाड़ा में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में उन्होंने महात्मा गांधी के समक्ष अपने ध्वज का प्रारूप प्रस्तुत किया। प्रारंभिक स्वरूप में लाल और हरे रंग थे, जो देश के प्रमुख समुदायों का प्रतीक माने गए। महात्मा गांधी के सुझाव पर इसमें सफेद रंग जोड़ा गया तथा मध्य में चरखा अंकित किया गया। चरखा स्वावलंबन, श्रम, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी आंदोलन का प्रतीक था। 1931 भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के इतिहास का महत्वपूर्ण वर्ष था। उस समय यह अनुभव किया गया कि ध्वज किसी धर्म या समुदाय का नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करे। इसलिए कांग्रेस ने एक नए ध्वज को स्वीकार किया जिसमें ऊपर भगवा, बीच में सफेद, नीचे हरा रंग तथा मध्य में नीले रंग का चरखा था। यही ध्वज वर्तमान तिरंगे का प्रत्यक्ष आधार बना। इस निर्णय ने स्पष्ट कर दिया कि ध्वज के रंगों का संबंध किसी धर्म से नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आदर्शों और मूल्यों से है।

22 जुलाई 1947 का दिन भारतीय इतिहास में अत्यंत गौरवपूर्ण है। स्वतंत्रता प्राप्ति से कुछ सप्ताह पूर्व संविधान सभा ने सर्वसम्मति से वर्तमान तिरंगे को भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में स्वीकार किया। इस ध्वज में 1931 के तिरंगे को ही आधार बनाया गया, किंतु चरखे के स्थान पर सारनाथ स्थित अशोक स्तंभ के धर्मचक्र को स्थान दिया गया। अशोक चक्र में 24 तीलियाँ हैं, जो धर्म, न्याय, गति, कर्तव्य, प्रगति और निरंतर कर्म का संदेश देती हैं। 15 अगस्त 1947 को जब भारत स्वतंत्र हुआ, तब यही तिरंगा स्वतंत्र भारत के गौरवपूर्ण राष्ट्रीय ध्वज के रूप में लाल किले सहित पूरे देश में पहली बार आधिकारिक रूप से फहराया गया।

भारत के राष्ट्रीय ध्वज की प्रत्येक पट्टी गहरा संदेश देती है,

भगवा (केसरिया) रंग ङ्क साहस, त्याग, आत्मसंयम और राष्ट्रसेवा का प्रतीक है। यह हमें व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देता है। सफेद रंग ङ्क सत्य, शांति, पारदर्शिता और नैतिकता का प्रतीक है। यह समाज में सद्भाव और विश्वास बनाए रखने का संदेश देता है। हरा रंग ङ्क समृद्धि, कृषि, पर्यावरण, विकास और जीवन की निरंतरता का प्रतीक है। यह भारत की उर्वरता और प्रगतिशील सोच को दर्शाता है।

अशोक चक्र ङ्क नीले रंग का 24 तीलियों वाला धर्मचक्र निरंतर गति और कर्म का संदेश देता है। इसका अर्थ है कि राष्ट्र कभी ठहरना नहीं चाहिए, बल्कि सतत विकास के पथ पर आगे बढ़ते रहना चाहिए।

स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि संघर्ष और स्वाभिमान का प्रतीक बन गया। असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने इसे हाथ में लेकर सत्याग्रह किए, जेल यात्राएँ कीं और अनेक वीरों ने इसी ध्वज की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

तिरंगा लोगों के मन में स्वतंत्र भारत के सपने को जीवित रखता था। यह अंग्रेजी शासन के विरुद्ध राष्ट्रीय अस्मिता का सबसे बड़ा प्रतीक बन चुका था।

आज तिरंगा केवल सरकारी भवनों तक सीमित नहीं है। ÷हर घर तिरंगा÷ जैसे जनआंदोलनों ने इसे प्रत्येक भारतीय के घर और हृदय तक पहुँचा दिया है। अंतरिक्ष मिशनों, ओलंपिक, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों, वैज्ञानिक उपलब्धियों, सैन्य पराक्रम और खेल प्रतियोगिताओं में जब तिरंगा लहराता है, तब प्रत्येक भारतीय गर्व से भर उठता है।

भारतीय ध्वज संहिता में समय-समय पर किए गए संशोधनों ने नागरिकों को सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने का अधिकार और अवसर प्रदान किया है। इससे राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जनभागीदारी और सम्मान दोनों में वृद्धि हुई है।

तिरंगे की राष्ट्रध्वज बनने की यात्रा भारत के स्वतंत्रता संग्राम, राष्ट्रीय चेतना और लोकतांत्रिक विकास की यात्रा है। 1906 के प्रारंभिक ध्वज से लेकर 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा द्वारा इसे राष्ट्रीय ध्वज के रूप में स्वीकार किए जाने तक की यह कहानी लाखों स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, बलिदान और राष्ट्रभक्ति से जुड़ी हुई है।

आज तिरंगा हमें केवल अतीत की गौरवगाथा का स्मरण नहीं कराता, बल्कि वर्तमान में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और भविष्य के विकसित, आत्मनिर्भर तथा विश्वगुरु भारत के निर्माण के लिए प्रेरित भी करता है।

राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक एवं नैतिक दायित्व है। तिरंगा फहराते समय भारतीय ध्वज संहिता (स्नद्यड्डद्द ष्टशस्त्रद्ग शद्घ द्धठ्ठस्त्रद्बड्ड) का पालन करना आवश्यक है। ध्वज सदैव सम्मानपूर्वक फहराया जाए, उसे क्षतिग्रस्त या अपमानित न होने दिया जाए तथा उपयोग के पश्चात उसका सम्मानजनक संरक्षण या निर्धारित नियमों के अनुसार निस्तारण किया जाए।

तिरंगे का सम्मान केवल राष्ट्रीय पर्वों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि हमारे व्यवहार, कर्तव्यों और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण में भी दिखाई देना चाहिए।

आज भारत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में ÷विकसित भारत 2047÷ के लक्ष्य की ओर तेज़ी से अग्रसर है। इस राष्ट्रीय संकल्प की सफलता तभी संभव है जब प्रत्येक नागरिक राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर अपने कर्तव्यों का पालन करे। हर घर तिरंगा अभियान इसी भावना को मजबूत करता है। यह अभियान हमें याद दिलाता है कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकार का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। जब प्रत्येक घर पर तिरंगा लहराता है, तब वह केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि विकसित, आत्मनिर्भर, समृद्ध और सशक्त भारत के संकल्प का प्रतीक बन जाता है।

हर घर तिरंगा अभियान भारत की राष्ट्रीय चेतना, जनभागीदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रेरणादायी उत्सव है। यह केवल ध्वज फहराने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति श्रद्धा, कर्तव्य और समर्पण की भावना का महापर्व है। तिरंगे के नीचे खड़े होकर प्रत्येक भारतीय यह संकल्प ले कि वह राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखेगा, संविधान का सम्मान करेगा और भारत को विश्व में सर्वोच्च स्थान दिलाने के लिए अपना सर्वोत्तम योगदान देगा।

## श्री गणेश सांस्कृतिक समिति न्यू ब्लॉक का भव्य पुरस्कार वितरण समारोह 14 अगस्त को

**शिवपुरी।** श्री गणेश सांस्कृतिक समिति, न्यू ब्लॉक, शिवपुरी द्वारा गणेशोत्सव के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं का भव्य पुरस्कार वितरण समारोह 14 अगस्त को परिणय वाटिका, शिवपुरी में सायं 7 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही मंगलम बाल गृह, दुर्गा वाहिनी शिवपुरी, मंगलम योग केंद्र, सभी खानपान एवं जलपान समितियों, पत्रकार एवं मीडिया प्रतिनिधियों का भी विशेष सम्मान किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर गत दिवस समिति कार्यालय पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्री गणेश सांस्कृतिक समिति अध्यक्ष तेजमल सांखला ने की। बैठक में श्याम सुंदर राठौर, ब्रज दुबे, सौरभ सांखला, अमित गुप्ता, दिनेश गर्ग (गुड्डे), राजीव शर्मा एवं राजू यादव ग्वाल सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में पुरस्कार वितरण समारोह की रूपरेखा, अतिथि व्यवस्था एवं कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। श्री गणेश सांस्कृतिक समिति ने सभी विजेताओं, प्रतिभागियों एवं शहरवासियों से आगामी 14 अगस्त को आयोजित होने वाले पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित होकर प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

### वोकल फॉर लोकल थीम पर सजे आयोजन में दिखी भारतीय हस्तशिल्प और संस्कृति की झलक

# दिगंबर जैन महिला परिषद ने मनाया मित्रता दिवस और सावन महोत्सव

**ग्वालियर जीएनएस**

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद शाखा ग्वालियर द्वारा होटल शाह इंपीरियल में मित्रता दिवस एवं सावन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम ÷वोकल फॉर लोकल÷ और देश की माटी से जुड़ाव पर आधारित रही, जिसमें भारतीय संस्कृति, परंपरा और हस्तशिल्प की सुंदर झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम की शुरुआत शाखा अध्यक्ष सोनल जैन, सचिव संगीता पांड्या एवं कोषाध्यक्ष ममता जैन द्वारा सभी सदस्यों का कुमकुम तिलक लगाकर स्वागत कर की गई। आयोजन में परिषद की सदस्यों ने बनारसी, चंदेरी, कोटा डोरिया एवं हथकरघा से तैयार साड़ियों व पारंपरिक परिधानों में भाग लेकर भारतीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

मित्रता दिवस के अवसर पर फ्रेंडशिप बैंड मेकिंग सहित कई मनोरंजक गतिविधियां और खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को स्थानीय स्तर पर तैयार किए गए हस्तनिर्मित उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बहनों ने आपसी प्रेम, सौहार्द और मित्रता के भाव के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता की।



इस अवसर पर परिषद की ओर से सेवा कार्य भी किया गया। जरूरतमंद दो बच्चियों की शिक्षा की जिम्मेदारी उठाते हुए उनकी कॉलेज फीस एवं स्कूल की पूरी फीस के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया।

आयोजन को सफल बनाने में हेड जोन अनामिका पाटनी, वाणी कासलीवाल, दीपा जैन सहित अंजू, मनीषा गिरधरवाल, सुनीता बोधा, राखी सोनी, विनीता जैन, पूजा जैन, निशा जैन, परिधि बाकलीवाल, नेहा रेनवाल, निकिता जैन, ऋतु कासलीवाल, दीपिका जैन, हिमांशी जैन, अनामिका विहर्ष, निशा जैन (डीबी सिटी) और कोमल कासलीवाल का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष माधवी शाह, प्रांतीय सचिव मधु बड़जात्या, प्रांतीय गतिविधि सचिव बीना गंगवाल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष साधना जैन, संभाग अध्यक्ष विनीता पाटौदी सहित ज्ञानेश्वरी आंटी, अरुणा कासलीवाल, उषा गोधा, मिट्ठू सेठी, मनोरमा पांड्या, विनीता गोधा, अनीता जैन सहित बड़ी संख्या में परिषद की सदस्य उपस्थित रहीं।

# खेल प्रतियोगिताओं में होली बड्स इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम

**शिवपुरी जीएनएस**

होली बड्स इंटरनेशनल स्कूल, शिवपुरी के खिलाड़ियों ने जिला एवं संभाग स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। जिला स्तर पर एथलेटिक्स की 400 मीटर दौड़ में समर रावत, शतरंज में मृदुल शर्मा तथा राइफल शूटिंग में गुरनूर सिंह एवं प्रिंस सिंह का शानदार प्रदर्शन रहा और उनका चयन हुआ। वहीं फुटबॉल प्रतियोगिता में संभाग स्तर पर विद्यालय के विनायक शर्मा सहित अंडर.14 बालिका टीम की खिलाड़ी प्रियांशी चंदेल, निर्जला शर्मा, शानवी चंदेल, हिमांशी राठौर, ईशु यादव, मोनिका निगम, आस्था बेड़िया, बुलबुल धाकड़, भाव्या तिवारी एवं शिवानी धाकड़ ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए चयन प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन संचालक राजेश गोस्वामी, विनोद शर्मा, भारत त्रिवेदी एवं मैनेजर नवीन अवस्थी ने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की ओर से कहा गया कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण ने विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

# चेहल्लुम शरीफ पर दिखी अनूठी गंगा-जमुनी तहजीब, आपसी भाईचारे की मिसाल बना शहर

**शिवपुरी जीएनएस**

जिले में चेहल्लुम शरीफ के अवसर पर हर साल की तरह इस बार भी देश की साझी संस्कृति और आपसी भाईचारे की अनूठी गंगा-जमुनी तहजीब की एक बेहद खूबसूरत तस्वीर देखने को मिली। इस पावन अवसर पर दोनों समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर एक-साथ शिरकत की और सौहार्द का संदेश दिया। शिवपुरी की यह मिसाल पूरे देश में आपसी प्रेम और एकता का एक बेहतरीन उदाहरण पेश करती है। चेहल्लुम शरीफ के दौरान मुस्लिम समाज द्वारा ताजिए के जुलूस में शामिल हुए सभी अतिथियों का फूल-माला पहनाकर और पगड़ी बांधकर भव्य




स्वागत और सम्मान किया गया। मेहमानवाजी की यह दिल को छू लेने वाली परंपरा यहां बरसों से चली आ रही है, जो शहर के आपसी सौहार्द को और अधिक मजबूत करती है। आयोजन के दौरान पुरानी शिवपुरी इमामवाड़ा, तकिया मस्जिद, नीलगर चौराहा, पुराना बस स्टैंड, पुरानी शिवपुरी, कमलागंज, घोसीपुरा, छावनी, साइंसपुरा और महल रोड सहित शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से ताजियों के जुलूस निकाले गए। इस अवसर पर शहर काजी वलीउद्दीन सिद्दीकी, पोहरी विधायक कैलाश कुशवाहा, रामजी व्यास, शशि शर्मा, नलिन भार्गव, हेमू शर्मा, आशीष शर्मा, मणिका शर्मा, युसूफ पठान, जुबेर ख़ान, चाँद ख़ान, सुहैल ख़ान, फ़ारूख़ राईन, सराफ़त राईन, जुनैद अफ़गानी, अपपल ख़ान, सबदर बेग, मिर्ज़ा अशरफ ख़ान, अन्नू ख़ान, समीर ख़ान, पप्पू ख़ान, इरशाद ख़ान, खैरा ख़ान, ज़ाहिद ख़ान, कामिल ख़ान, इस्माइल ख़ान, रहीस ख़ान सहित शहर के तमाम गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। समस्त ताजिया आयोजकों और मुस्लिम समाज द्वारा सभी अतिथियों को दिए गए, इस स्नेह और सम्मान के लिए दिल से आभार व्यक्त किया गया है।

# ईस्टर्न हाइट्स पब्लिक स्कूल में इनरव्हील क्लब द्वारा ग्रीन डे एवं वृक्षारोपण अभियान का आयोजन

**शिवपुरी जीएनएस**

ईस्टर्न हाइट्स पब्लिक स्कूल में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने हेतु ग्रीन डे एवं वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया तथा पर्यावरण को स्वच्छ और हरित बनाने का संकल्प लिया।

ग्रीन डे एवं वृक्षारोपण अभियान का यह कार्यक्रम इनर व्हील क्लब के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें इनरव्हील क्लब अध्यक्ष श्रीमती संगम अग्रवाल, सचिव श्रीमती रेनू गोयल एवं सदस्य श्रीमती नीतू गोयल, श्रीमती कविता बिंदल, श्रीमती ममता जैन, श्रीमती निधि गोयल तथा श्रीमती मोना अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण कर उन्हें प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान विद्यालय संचालक सुबोध अरोरा और श्रीमती नीलम अरोरा एवं समस्त स्कूल स्टाफ ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम ने सभी को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण से हुई। क्लब की सदस्याओं और बच्चों ने मिलकर 50 से अधिक पेड़ लगाए। इनमें नीम, आम, जामफल के साथ-साथ फूलों के छोटे पौधे और छायादार बड़े पौधे भी शामिल रहे। प्रत्येक रोपे गए पौधे को पेड़ मित्र का नाम देकर उसकी देखभाल एवं हरियाली बनाए रखने का संकल्प लिया गया। क्लब द्वारा बच्चों को पॉट में लगे छोटे पौधे उपहार स्वरूप दिए गए ताकि वे घर पर उनकी देखभाल कर सकें। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कचरे से खजाना थीम पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रही, जिसमें बच्चों ने कचरे, पॉलीथिन और अखबार से बेहद सुंदर और रचनात्मक ड्रेस बनाकर मंच पर प्रस्तुति दी।

# मुख्य बाजार की जर्जर सड़कों के निर्माण की मांग को लेकर कैट संस्था ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**शिवपुरी जीएनएस**

शहर के मुख्य बाजार की जर्जर एवं क्षतिग्रस्त सड़कों की समस्या को लेकर कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) शिवपुरी के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कैट मध्यप्रदेश पवन जैन (पी.एस.) से चर्चा उपरांत मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने शहर के प्रमुख बाजारों में लंबे समय से खराब पड़ी सड़कों का शीघ्र निर्माण एवं कोर्ट रोड के नवीन डामरीकरण की मांग उठाते हुए जल्द कार्य प्रारंभ कराने का आग्रह किया।

प्रमुख बाजार की यह समस्याएँ रखी ज्ञापन में

ज्ञापन में बताया गया कि सदर बाजार से कस्टम गेट तक का मार्ग, इसी मार्ग पर स्थित राठौर मोहल्ले की सड़क, प्रगति बाजार की मुख्य सड़क तथा कोर्ट रोड अत्यंत जर्जर एवं गड्ढों से भरे हुए हैं। इन सड़कों के कारण व्यापारियों, आम नागरिकों एवं राहगीरों को प्रतिदिन भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है, जिससे दुर्घटनाओं की



आशंका भी बनी रहती है। कैट पदाधिकारियों ने सीएमओ से इन मार्गों का शीघ्र निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत एवं कोर्ट रोड का नवीन डामरीकरण कराने की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान सीएमओ के कार्यभार संभालने के बाद नगर पालिका की कार्यप्रणाली में सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं और उन्हें विश्वास है कि जनहित के इस महत्वपूर्ण कार्य को भी प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य बाजार के व्यापारियों ने भी अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। कृष्ण मोहन (बंटी काका), रमन अग्रवाल एवं गौरव खंडेलवाल ने बाजार क्षेत्र की अन्य मूलभूत समस्याओं की जानकारी देते हुए उनके शीघ्र निराकरण की मांग की।

**प्रतिनिधि मंडल में यह रहे मौजूदा :** प्रतिनिधिमंडल में कैट के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन जैन (पी.एस.), जिला अध्यक्ष गंगाधर गोयल, जिला महासचिव सौरभ सांखला, जिला कोषाध्यक्ष गिरीश जैन, जिला संगठन मंत्री गोपेन्द्र जैन ,सुनील बिसानी, पवन शर्मा, रघुवीर गुप्ता, अर्पित बंसल एवं राजेंद्र राठौर सहित अन्य व्यापारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। ज्ञापन के माध्यम से सभी ने नगर पालिका से जनहित में शीघ्र सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य प्रारंभ कराने की मांग की।

### थाना मुरार पुलिस की फायर करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही

# कलारी सेल्समेन पर जानलेवा फायर करने वाले 02 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर एक बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया

**ग्वालियर, जीएनएस।**

घटना का संक्षिप्त विवरण– फरियादी शंकर द्विवेदी निवासी पर्दमान मऊ चित्रकूट हाल बड़ागांव मुरार ने थाना मुरार में रिपोर्ट लेख कराई कि वह खुरैरी देशी, विदेशी कलारी पर सेल्समेन का काम करता है। दिनांक 28.07.2026 की रात को सैफअली खांन निवासी खुरैरी का मेरी कलारी पर आया और कम पैसे में शराब लेने की बात करने लगा जब मैंने मना किया तो वह मुझे माँ बहन की गालियाँ देने लगा और वह चला गया। उसके बाद दिनांक 29.07.2026 की शाम को सैफअली खाँन अपने दो साथियों के साथ अपनी मोटर साईकिल से कलारी पर आया और रात की बात को लेकर उसने कट्टे से फायर किया जिसमें मैं बाल-बाल बच गया। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना मुरार में अप0क्र0-371/26 धारा 296(बी),110,351(3),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना संज्ञान में आने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह (भापुसे) द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य/यातायात) श्री सुजावल जग्गा(भापुसे) को थाना मुरार पुलिस की टीम से उक्त घटना में वांछित सभी आरोपियों को पकडवाने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार सीएसपी मुरार श्री संदीप बांगरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मुरार निरीक्षक मैना पटेल के द्वारा थाना बल की टीम को उक्त प्रकरण में वांछित आरोपियों को पकड़ने हेतु लगाया गया।

दौराने विवेचना पुलिस टीम को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि उक्त प्रकरण में कलारी पर गोली चलाने वाला आरोपी सैफअली खांन कृष्णानंद वाटिका के पास खड़ा है। उक्त सूचना पर से पुलिस टीम ने मौके पर जाकर देखा तो कृष्णानंद वाटिका के पास रोड किनारे मुखबिर द्वारा बताए हुलिए का व्यक्ति खड़ा मिला, जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये आरोपी से घटना में प्रयुक्त हथियार के संबंध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि घटना में प्रयुक्त 315 बोर की देशी अधिया अपने साथी इरफान से ली थी और वारदात करने के बाद उसे वापस कर दी थी। दिनांक 05.08.2026 को थाना मुरार पुलिस द्वारा आरोपी इरफान को एक अन्य प्रकरण में गिरफ्तार कर चुकी है जिससे घटना में प्रयुक्त हथियार 315 बोर की देशी अधिया जप्त की गई थी। इसी प्रकार मुरार पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर उक्त प्रकरण में फरार आरोपी विक्की उर्फ हिृदेश मंडेलिया को 17 बीघा रोड गुलाबपुरी से गिरफ्तार किया जाकर एक बाल अपचारी को आज दिनांक 06.08.2026 को फक्कड़ बाबा के पास से पकड़कर अभिरक्षा में लिया गया।

गिरफ्तार आरोपीगणः-

1. सैफ अली खान पुत्र कासिम अली खान उम्र 21 साल निवासी मुसलमान मोहल्ला खुरेरी।
2. विक्की उर्फ हिृदेश मंडेलिया पुत्र राजेश मंडेलिया उम्र 20 साल निवासी खुरेरी मुरार ग्वालियर।
3. बाल अपचारी

सराहनीय भूमिका– थाना प्रभारी मुरार निरीक्षक मैना पटेल, उनि0 राहुल अहिरवार, प्र.आर0 नरवीर राणा, जगजीत सिंह, आर0 सतेन्द्र तोमर, जसवीर गुर्जर, देवेन्द्र साहू, संजय गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।

# रीजनिंग विषय पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

**ग्वालियर, जीएनएस।**




महारानी लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय,ग्वालियर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ के तत्वाधान में एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डर हरीश अग्रवाल के संरक्षण में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए रीजनिंग विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ डी एस राणा ने प्रतियोगी परीक्षाओं में रीजनिंग और गणित जैसे विषयों पर निरंतर प्रैक्टिस करने की आवश्यकता है।

विषय विशेषज्ञ श्री अभिषेक गुप्ता ने विस्तार से विभिन्न प्रकार की रीजनिंग को समझाया एवं विद्यार्थियों से प्रैक्टिस करवाई।

कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन सेल के संयोजक डॉ रवि शंकर पाठक ने प्रकोष्ठ के अंतर्गत वर्षभर होने वाले कार्यकर्मों की जानकारी दी। संचालन प्रकोष्ठ की वोलेंटियर प्रियांशी बंसल ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ संगीत जैन ने किया। कार्यक्रम में 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# इंदौर में मध्यप्रदेश के पत्रकारों का सम्मान

**इंदौर, जीएनएस।**

धार रोड स्थित कीमती गार्डन में होगा 8 अगस्त को सावन महोत्सव और ÷एक शाम राष्ट्र के नाम÷का आयोजन..साथ ही किया जायेगा देश के जाने माने पत्रकारों,रचनाकारों व साहित्यकारो को भी सम्मानित.... संस्था ÷आदित्य÷के संयोजक सचिन नीमा ने बताया की संस्था का ये 10 वा आयोजन है जिसमे ÷सावन महोत्सव÷के अंतर्गत ट्रेडिशनल थीम पर महिलाओं व युवतियों का फैशन शो,रैम्प वॉक के साथ साथ ÷सावन ब्यूटी÷कॉन्टेस्ट और इस अवसर पर राखी एक्जीबिशन के साथ इंदौरी चाट चौपाटी की स्टाल भी लगायी जायेगी। पिछले दिनों संस्था द्वारा सूर्यदेव नगर में ज्योति जी नामदेव के निर्देशन में व सिंगापुर सिटी में साधना चौहान जी के निर्देशन में टेलेंट शो का ऑडिशन रखा गया था उनमें चुने प्रतिभागियों द्वारा नृत्य,गायन व वादन का प्रदर्शन भी किया जायेगा। साथ ही वरिष्ठ पत्रकारों के साथ उन हस्तियों को भी पुरस्कृत किया जायेगा जिन्होंने अपने विशेष कार्यो से देश व समाज मे एक अलग पहचान बनाई है। ÷एक पेड़ माँ के नाम पर÷ व स्वच्छता बनाये रखने की शपथ भी दिलाई जायेगी। सावन के पवित्र माह में होने वाले इस आयोजन में भोले बाबा की भक्ति के भजन और देशभक्ति के तराने भी गूंजेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील अमर गोमे,विनोद निगम,भरत राठौर,सुरेश जैन,जितेंद्र मोर्य, रूपेश वर्मा,रवि खिंची,मनीष शिंदे आदि ने की है।

# कांच उद्योग विकास केंद्र पहुंचे डीएम, बोले- गुणवत्ता और आधुनिक तकनीक से मिलेगी वैश्विक पहचान

**फिरोजाबाद, जीएनएस।**



जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ जलेसर रोड स्थित कांच उद्योग विकास केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने टेस्टिंग लैब, ग्लास कटिंग एवं डिजाइनिंग लैब का जायजा लेकर कांच उत्पादों की गुणवत्ता, प्रशिक्षण व्यवस्था और तकनीकी सुविधाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों को गुणवत्ता नियंत्रण और आधुनिक तकनीक के बेहतर उपयोग के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि जिले के विभिन्न कांच कारखानों में तैयार उत्पादों की मजबूती, रासायनिक संरचना और गुणवत्ता की जांच केंद्र में की जाती है। यहां उद्यमियों, तकनीशियनों और कारीगरों को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जाता है। डीएम ने कारीगरों द्वारा कांच की कटिंग, तराशी और फिनिशिंग का कार्य देखा तथा उनके हुनर की सराहना की। इसके बाद जिलाधिकारी ने बीकेजी ओवरसीज का निरीक्षण कर डेकोरेटिंग ग्लास, क्रिसमस ग्लास और ड्रिंकवेयर उत्पादों के निर्माण की गुणवत्ता, कार्यप्रणाली और सुरक्षा मानकों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि उत्पादों की फिनिशिंग अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो, ताकि निर्यात और स्थानीय बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ सके। साथ ही कारखानों में श्रमिकों की सुरक्षा के सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा।

# उद्योगपतियों की समस्याएं सुनने पहुंचे एसएसपी, बोले- सुरक्षा और कानून व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता

**फिरोजाबाद, जीएनएस।**



जनपद के उद्योगों की सुरक्षा और उद्योगपतियों की समस्याओं के समाधान को लेकर बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने उद्योगपतियों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

बैठक में उद्योगों की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, यातायात, साइबर अपराध और श्रमिकों की सुरक्षा समेत विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। उद्योगपतियों ने अपने प्रतिष्ठानों से जुड़ी समस्याएं और सुझाव एसएसपी के सामने रखे। इस पर एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्योगों के सुरक्षित और निर्बाध संचालन के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था लगातार सुदृढ़ की जा रही है। एसएसपी ने उद्योगपतियों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधि या साइबर अपराध से जुड़ी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस या पुलिस कंट्रोल रूम को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। बैठक में उद्योगपतियों ने पुलिस प्रशासन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के संवाद से समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक लाइन, नगर, ग्रामीण सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

# 8 एवं 9 अगस्त को वीर जैन छात्रावास में सजेगा 'मानसून कार्निवाल-2026'

**ग्वालियर, जीएनएस।**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन, चंबल रीजन एवं दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप ग्रेटर ग्वालियर के संयुक्त तत्वाधान में 8 एवं 9 अगस्त को वीर जैन छात्रावास, ग्वालियर में भव्य ÷मानसून कार्निवाल-2026÷ का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में देशभर के लगभग 50 शहरों से दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन की राष्ट्रीय टीम एवं प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे। फेडरेशन के रीजन अध्यक्ष अनुपम चौधरी एवं सचिव आशीष जैन (एडवोकेट) ने बताया कि कार्निवाल में समाज एवं शहरवासियों के लिए अनेक आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें समाज के व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ट्रेड फेयर, राष्ट्रीय सुर-संधि अंताक्षरी प्रतियोगिता का सेमीफाइनल एवं ग्रैंड फाइनल, सामाजिक सरोकारों पर आधारित लाइव नाट्य मंचन ÷मंथन (बदलती दुनिया, बदलते लोग)÷, वीर योद्धा सम्मान, मेधावी छात्र सम्मान, पारिवारिक फैशन शो, क्रिएटिव आर्ट एवं क्राफ्ट तथा 30 आकर्षक पुरस्कारों का लकी ड्रॉ प्रमुख आकर्षण रहेंगे।

आयोजन प्रतिदिन शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। समिति ने समाज के सभी परिवारों, इष्ट-मित्रों एवं शहरवासियों से सपरिवार उपस्थित होकर आयोजन की शोभा बढ़ाने का आग्रह किया है।

9 अगस्त को होगी राष्ट्रीय कैबिनेट मीटिंग

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन की वर्ष 2026 की प्रथम राष्ट्रीय कैबिनेट मीटिंग 9 अगस्त को प्रातः 9 बजे आयोजित होगी। बैठक का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा किया जाएगा। बैठक में राकेश विनायका (निवर्तमान अध्यक्ष), विनय जैन (महासचिव), अमित कासलीवाल (राष्ट्रीय परामर्शदाता) एवं अश्वनी कासलीवाल (राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष) संस्था की प्रगति एवं भावी योजनाओं पर विचार रखेंगे। कैबिनेट बैठक के पश्चात शाम 4 बजे से राष्ट्रीय सुर-संधि अंताक्षरी प्रतियोगिता का ग्रैंड फाइनल आयोजित किया जाएगा।

राष्ट्रीय कैबिनेट के मुख्य संयोजक अनिल शाह (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं फेडरेशन मार्गदर्शक, कोटर ग्वालियर), राष्ट्रीय समन्वयक पारस जैन (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं फेडरेशन मार्गदर्शक, ग्रेटर ग्वालियर), चंबल रीजन सचिव एड. आशीष जैन %जैनम% एवं कोषाध्यक्ष रविन्द्र जैन %के.बी.% आयोजन की प्रमुख जिम्मेदारी संभालेंगे।

ग्रेटर ग्वालियर की ओर से विशेष सहयोग में अनिल जैन, भरत जैन %विरागी%, विनोद चौधरी (मार्गदर्शक), पूर्व अध्यक्ष मुकेश जैन, संजय जैन, शीतल जैन, अम्बरीष जैन, निवर्तमान अध्यक्ष रश्मि जैन, अध्यक्ष आशीष जैन बैंक, सचिव अमित भण्डारी एवं कोषाध्यक्ष रूपेश जैन सहित पूरी टीम आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय रूप से जुटी हुई है।

# अनियमितता पाए जाने पर ब्रांड कहे जाने वाले डॉ लाल पैथलैब्स के सैंपल कलेक्शन सेंटर को किया सील

**जबलपुर, जीएनएस।**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नवीन कोठारी के निर्देश पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अमिता जैन, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जया श्रीवास्तव, जिला मीडिया अधिकारी अजय कुरील तथा सदस्य विकास श्रीवास्तव के जाँच दल द्वारा काँचघर स्थित डॉ लाल पेथलैब्स सैंपल कलेक्शन सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में इलाइट इंजीनियरिंग बायोमेडिकल बेस्ट का रजिस्टर प्राप्त नहीं हुआ तथा डॉ लाल पेथलैब्स सैंपल कलेक्शन सेंटर में कार्यरत टेक्नीशियन के पास न्यू दिल्ली पैरामेडिकल काउंसिल अथवा मध्य प्रदेश पैरामेडिकल काउंसिल का रजिस्ट्रेशन नहीं मिला। सेंटर को तत्काल सील कर संचालक को तीन दिन की समयावधि में सेंटर से संबंधित एवं कार्यरत स्टॉफ के समस्त दस्तावेजों के साथ



सीएमएचओ कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिये गये हैं।

इसके अलावा सीएमएचओ डॉ नवीन कोठारी द्वारा आज लेबर चौक, स्नेह नगर जबलपुर स्थित जनता पाइल्स हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया गया। अनियमितता मिलने पर तत्काल सीएमएचओ डॉ नवीन कोठारी ने मौखिक निर्देश देकर जिला मीडिया अधिकारी अजय कुरील एवं सदस्य विकास श्रीवास्तव को निरीक्षण करने को भेजा गया। निरीक्षण के दौरान हॉस्पिटल का पंजीयन आयुर्वेदिक उपचार के लिए किया गया था लेकिन वहां एलोपैथिक दवाइयां प्राप्त हुई। इलाइट इंजीनियरिंग बायो मेडिकल वेस्ट का पंजीयन था परन्तु मेंटेनेंस रजिस्टर नहीं मिला।

अस्पताल को नोटिस देकर सभी कार्यरत स्टॉफ की शैक्षणिक योग्यता सर्टिफिकेट तथा अस्पताल के पंजीयन से संबंधित समस्त दस्तावेजों के साथ लेकर सीएमएचओ ऑफिस में तीन दिन दिवस के अंदर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

# निगमायुक्त ने स्वच्छता, गौशाला एवं सीएनजी प्लांट की व्यवस्थाओं की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**ग्वालियर, जीएनएस।**

स्वच्छता में लापरवाही करने वाले कचरा संग्रहण वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। यह निर्देष नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने स्वच्छता, गौशाला एवं सीएनजी प्लांट से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में अपर आयुक्त श्री टी प्रतीक राव, उपायुक्त श्री मुकेश बंसल, सहायक नोडल श्री शैलेन्द्र सक्सेना, भवन अधिकारी श्री वीरेन्द्र शाक्य, सहायक यंत्री श्री राजीव सिंघल, श्री अजय शाक्यवार, श्री अजय शर्मा मुख्य स्वच्छता अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित



अधिकारी उपस्थित रहे।

निगमायुक्त के कक्ष में आयोजित बैठक में निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने जीपीएस आधारित मॉनिटरिंग के माध्यम से कचरा संग्रहण वाहनों की गतिविधियों का सत्यापन करने तथा एफसीटीएस प्लांट पर पहुंचने वाले कचरे की मात्रा का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन कचरा संग्रहण वाहनों द्वारा पिछले 10 से 12 दिनों में कार्य में लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब किया गया है, उनके चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से प्रतिदिन नियमित रूप से नाइट स्वीपिंग अभियान संचालित करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में संबंधित अधिकारियों से सीएनजी प्लांट के संचालन, सीएनजी गैस उत्पादन एवं उससे जुड़े विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा की तथा प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गौशाला की व्यवस्थाओं की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने गौवंश के बेहतर उपचार एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए संबंधित विभाग को आवश्यक पत्राचार करने तथा पशुओं के नियमित चिकित्सकीय परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों के पालन में की गई कार्रवाई की समीक्षानिगम राजस्व हित में विज्ञापन कियोस्क, स्मार्ट सिटी डॉक स्टेशन, एलईडी मोनोपोल, टी–साइनेज बोर्ड एवं नवीन यूनिपोल के टेंडर शीघ्र तैयार किए जाएँ – निगमायुक्त

**ग्वालियर, जीएनएस।**

नगर निगम ग्वालियर के निगमायुक्त श्री संघ प्रिय द्वारा आज विज्ञापन शाखा की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित कर माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों के पालन में अब तक की गई कार्रवाई एवं आगामी कार्ययोजना की समीक्षा की गई। बैठक में निगम राजस्व वृद्धि के उद्देश्य से विज्ञापन संबंधी नवीन परियोजनाओं के टेंडर शीघ्र तैयार कर जारी किए जाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में अवैध एवं अनाधिकृत यूनिपोल तथा होर्डिंग के विरुद्ध की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए बताया गया कि अब तक कुल 44 अनाधिकृत यूनिपोल हटाए जा चुके हैं। इनमें 25 अनाधिकृत यूनिपोल, 16 फुटपाथ पर स्थापित यूनिपोल तथा 03 निजी भूमि पर स्थापित अनधिकृत यूनिपोल शामिल हैं। समीक्षा के दौरान यह भी बताया गया कि फुटपाथ पर स्थापित अतिरिक्त 06 यूनिपोल के संबंध में संबंधित फर्मों द्वारा आपत्तियां प्रस्तुत की गई थीं, जिनकी सुनवाई पूर्ण हो चुकी है। निगमायुक्त ने इन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर आदेश जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में राजस्व कर संग्रहकों द्वारा कराए गए सर्वे के आधार पर चिन्हित 139 अवैध एवं अनाधिकृत होर्डिंग एवं फ्लेक्स की भी समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि अब तक 117 अवैध होर्डिंग एवं फ्लेक्स हटाए जा चुके हैं, जबकि 08 स्थानों पर केवल फ्लेक्स हटाए गए हैं तथा बड़े स्ट्रक्चर हटाना शेष है। शेष 14 प्रकरणों में मौके पर वैध अनुमति प्राप्त पाई गई। निगमायुक्त ने शेष 08 बड़े स्ट्रक्चर के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने तथा भविष्य में लगाए जाने वाले प्रत्येक अवैध एवं अनाधिकृत विज्ञापन संरचना के विरुद्ध नियमित एवं सतत अभियान चलाने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने निगम के राजस्व में वृद्धि के उद्देश्य से अपर आयुक्त एवं नोडल अधिकारी विज्ञापन शाखा को नवीन विज्ञापन पैकेजों के टेंडर शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए। प्रस्तावित टेंडरों में लगभग 1170 विज्ञापन कियोस्क, 88 यूनिपोल के तीन नवीन पैकेज, 20 एलईडी मोनोपोल, 50 स्मार्ट सिटी साइकिल डॉक स्टेशन, टी-साइनेज बोर्ड तथा अन्य आधुनिक विज्ञापन माध्यम शामिल किए जाएंगे।

# निगमायुक्त ने की मदाखलत के कार्यों की समीक्षा

**ग्वालियर, जीएनएस।**

शहर के प्रमुख बाजारों में ठेले एवं फुटपाथ कारोबारियों के कारण ट्रैफिक जाम रहता है, जिसके कारण आम जनों को परेशानी होती है। बाजारों में अभियान चलाकर यातायात को सुचारू करें। यह निर्देष नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने मदाखलत की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में अपर आयुक्त श्री प्रदीप तोमर, नोडल अधिकारी मदाखलत श्री केशव चौहान, मदाखलत अधिकारी श्री शैलेन्द्र चौहान, श्री सतेन्द्र भदौरिया, श्री रवि कोरी, श्री शशिकांत शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

नगर निगम आयुक्त ने मदाखलत अधिकारियों को निर्देष दिए कि घायल आवारा पशुओं की मदद के लिए संचालित किए गए टोल फ्री नंबर नियमित रूप से चालू रहे।

उन्होंने मदाखलत अधिकारियों को निर्देष दिए हैं कि वह कितनी घायल गाय एवं कुत्तों को शहर से रेस्क्यू किया गया और उन्हें कहां पर भेजा गया इसकी विस्तृत जानकारी प्रतिदिन दी जाए। इसके साथ ही उन्होंने निर्देष दिए कि डिवाइडरों पर अतिक्रमण कर प्रचार प्रसार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही उन्होंने मदाखलत कर्मचारियों की संख्या आदि की जानकारी भी ली।

# मदाखलत दल तथा ट्रेफ़िक पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**ग्वालियर, जीएनएस।**

नगर निगम के÷मदाखलत दल÷* तथा ÷ट्रेफ़िक पुलिस÷ की सयुक्त टीम द्वारा दोपहर बाद तक समय तक स्थान– अग्रसेन चौराहा, गरम सड़क, पानी की टन्की रोड, सब्जी मन्डी, गर्ल्स कॉलेज मुरार सहित विभिन्न स्थानो पर उक्त अस्थाई अतिक्रमण हटाने हेतु गत 3 दिवस पूर्व से मदाखलत अमले द्वारा लगातार हटवाने सम्बन्धी हिदायत दी जा रही थी उक्त हिदायत ना मानने पर उक्त यातायात मे बाधक खड़े हाथ ठेलो, फुटपाथी सब्जी दुकानों, दुकानदारो की दुकानो के बाहर खड़े काउंटरो,टेबलो,स्टैंड बोर्डो,आदि सामानो एव अन्य अस्थाई अतिक्रमण को दल (पूर्व) हटवाया गया साथ ही दल (ग्वालियर/ग्रामीण) सहयोगी दस्ते के रुप मे मौजूद रहामे मदाखलत अधिकारी श्री शैलेन्द्र चौहान, यातायात थाना प्रभारी श्री अभिषेक रघुवन्शी, मदाखलत निरीक्षक श्री सुघर सिंह, मदाखलत निरीक्षक (ग्रामीण क्षेत्र) श्री राघवेंद्र दीखित सहित दल (पूर्व/ग्वालियर/ग्रामीण) सहित साथ ही ट्रेफ़िक पुलिस स्टाफ़ मौजूद रहा , करीब 15 हाथ ठेले, काउन्टर, स्टैन्ड बोर्डो जप्त किए हाथ ठेलो एव सामान को *मदाखलत कार्यालय हुरावली रोड डी.बी. सिटी के सामने स्थित कार्यालय पर भिजवाया गया !

# ग्वालियर की बेटी हिमांशी शर्मा बनीं 'मिस इंडिया एम्प्रेस ऑफ द नेशन 2026' जीवाजी क्लब एवं श्री जी इवेंट्स एंड प्लानर्स ने किया सम्मानित

**ग्वालियर, जीएनएस।**

शहर की प्रतिभाशाली मॉडल हिमांशी शर्मा ने पुणे में आयोजित प्रतिष्ठित राष्टीय सौदर्य प्रतियोगिता "Miss India Empress of the Nation 2026÷ का खिताब जीतकर ग्वालियर एवं मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर जीवाजी क्लब की टीम अध्यक्ष - श्री राजेन्द्र सेठ, उपाध्यक्ष श्री अमित गुप्ता, सचिव श्री संजय वर्मा, सयुक्त सचिव श्री केतन करन



अग्रवाल, कोषाध्यक्ष - श्री संजय नीखरा एवं Shriji Events & Planners के संस्थापक श्री नितिन कुमार अग्रवाल एवं टीम मिस ट्विंकल सेन आदि द्वारा उनका सम्मान किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी गई। देशभर से आई प्रतिभागियों के बीच आयोजित चार दिवसीय प्रतियोगिता में पहले तीन दिनों तक ग्रूमिंग, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, रैंप वॉक एवं विभिन्न मूल्यांकन सत्र आयोजित किए गए। ग्रैंड फिनाले में हिमांशी शर्मा ने अपने आत्मविश्वास, व्यक्तित्व, प्रतिभा और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर विजेता का ताज अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ वे ग्वालियर की पहली मॉडल बन गई हैं जिन्होंने "Miss India Empress of the Nation" का राष्टीय खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर Shriji Events & Planners के संस्थापक नितिन कुमार अग्रवाल ने कहा कि हिमांशी शर्मा की सफलता ग्वालियर की युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि उनकी मेहनत, समर्पण और आत्मविश्वास ने यह साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प के साथ कोई भी सपना साकार किया जा सकता है।



# पूरे दिन कड़ी मेहनत के बाद बुनकर कपड़ा बनाते हैः अशोक प्रेमी

## 7 अगस्त 2026 विश्व हथकरघा दिवस

देश की आजादी के बाद ग्रामीण क्षेत्र में कृषि के बाद हथकरघा उद्योग सबसे बड़ा उद्योग था, महात्मा गांधी जी की इच्छा थी के घर घर एक हथकरघा लगे वे स्वयं भी चरखा चलाते थे।

भारत में स्वदेशी आंदोलन को बढ़ावा देने और हथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से 7 अगस्त 2015 राष्टीय हथकरघा दिवस मनाया जाने लगा, देश की कुल कपड़ा उत्पादन में 15त्न की हथकरघा से बने कपड़े की भागीदारी है, हाथ सेकता सूत एवं हथकरघा से बने कपड़े को खादी कहते हैं, मिल से उत्पादित धागा एवं हाथ से बने हुए कपड़े को हैंडलूम का कपड़ा कहा जाता है, मध्य प्रदेश में विशेष तौर से ग्वालियर क्षेत्र में पिछले दिनों पुलिस विभाग एवं वन विभाग में लगने वाले टेरीकॉट पॉलिस्टर का हजारों मीटर कपड़ा ग्वालियर संभाग में ही बनाया जाता था ,तत्कालीन आईएएस कमिश्नर हैंडलूम श्रीमती अनिता दास जी ने ग्वालियर क्षेत्र को पोलिस्टर बेल्ट घोषित किया था, इसी प्रकार



करोना काल में तत्कालीन आईएएस कमिश्नर हैंडलूम श्री राजीव शर्मा जी ने हजारों नग मेडिकल चादरों का ग्वालियर के बुनकरों द्वारा उत्पादन कराया था,।

मध्य प्रदेश के सरकारी विभागों में हैंडलूम एवं खादी का कपड़ा खरीदने का सरकारी नियम है मगर सरकार इसे कड़ाई से पालन नहीं करवा पाती, यह दुर्भाग्य की बात है, यह सत्य है पूरे दिन में कड़ी मेहनत के बाद बुनकर 12 से 15 मीटर कपड़ा बना पाता है जिससे उनकी मजदूरी कम हो पाती है ,जबकि आधुनिक युग में विद्युत मशीनें 8 घंटे में 200 से 300 मीटर कपड़ा बना लेती है, खादी हमारे देश की पहचान है, यह हमारे लिए यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि ग्वालियर में मध्य भारत खादी संघ के माध्यम से पूरे देश में खादी के झंडे बनाकर विक्रय किए जाते हैं ,खादी और हैंडलूम का कपड़ा हस्तशिल्प द्वारा संचालित मृगनयनी एंपोरियम एवं खादी भंडार के बने हुए शोरूम के माध्यम से विक्रय किया जाता है सरकार द्वारा लगाये जा रहे हाट बाजार भी हैंडलूम कपड़ा विक्रय का माध्यम है। यह सत्य है कि सरकार की बिना कृपा के हथकरघा उद्योग नहीं पनप सकता हमारी प्राचीन परंपरा को कायम रखने के लिए सरकार को चाहिए कि इस उद्योग को प्रोत्साहित करें। खादी और हथकरघा व्यवसाय से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए सभी साथियों को विश्व करघा दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

# झमाझम बारिश से नाली नाला लबालब किसानों के चेहरे खिले

**जालौन, जीएनएस।**

गुरुवार को सुबह झमाझम बारिश से नगर तथा नगर के समीप ग्रामों में सड़के नाली नाला ताल तलैया लबालब होकर एक हुए सुबह से लगातार झमाझम बारिश होने से घर से लोगों का निकलना दुष्बार हो गया वही सरकारी कार्यालय में कर्मचारी विलंब से पहुंचे वर्षा के जरिए तहसील कालपी में सन्नाटा छाया हुआ नजर आया लगभग 11ः30 बजे जब मौसम साफ हुआ तो लोगों का निकलना घर से प्रारंभ हुआ उक्त झमाझम बारिश से खरीब की फसल पर अमृत ऐसा पानी मिल गया जिससे किसानों के चेहरों में खुशी की लहर दौड़ गई वहीं उक्त वर्षा से कई मकान पानी से टपकती हुए नजर आए इतना भी नहीं नगर के 25 मोहल्ले की सड़कों में वर्षा का पानी लबालब भरकर बह रहा था जिससे पूरी तरह से आवागमन अवरुद्ध था वर्षा जब बंद हुई लोगों ने राहत की सांस ली पूर्व की तरह लोग बाग अपने कार्यों में जुट गए एवं सरकारी कार्यालय अस्पताल अधिक में पूर्व की तरह कर्मचारी अपने कार्यों को अंजाम देते हुए नजर आए वहीं पर कुछ-कुछ फरियादी भी पहुंच कर अपने कार्यों को करने में लगे हुए थे वर्षा के बाद मौसम पूरी तरह से दिनभर साफ रहा।

# प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी



**डबरा।** राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। निरीक्षण में एक प्राथमिक विद्यालय बंद मिला, जबकि एक अन्य विद्यालय में गंदगी और साफ-सफाई की खराब स्थिति पाई गई। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। प्रेस नोट के अनुसार, प्राथमिक शाला रोटेलाल का पुरा, प्राथमिक शाला धतूरा तथा सीएन हेल्पलाइन से संबंधित शिकायत वाले विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला गोल पहाड़िया सैटेलाइट शाला बंद मिली। वहीं विद्यालय परिसर में गंदगी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई। निरीक्षण के दौरान शिक्षक श्रीमती मदन मोहन शर्मा बी.ए.सी ने बताया कि बंद मिले विद्यालय के संबंध में प्रस्तावित करवाई की जाएगी। साथ ही संस्था प्रभारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए।

# 10 शस्त्र लायसेंस निलंबित

**दतिया, जीएनएस।**

पुलिस अधीक्षक दतिया के प्रतिवेदन के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट दतिया श्री स्वप्निल वानखड़े द्वारा आयुध अधिनियम 1959 की धारा -17(3) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 10 लायसेंस धारियों के शस्त्र लायसेंस निलंबित किए है।

जिला दण्ड़ाधिकारी द्वारा जिन 10 व्यक्तियों के शस्त्र लायसेंस निलंबित किए है उनमें अमन गुप्ता पुत्र राकेश गुप्ता निवासी ग्राम सिकरी, करन सिंह यादव पुत्र नारायण सिंह यादव ग्राम सिजोरा, देवेंद्र कुमार शर्मा पुत्र श्रीराम शर्मा निवासी ग्राम ऊँचीया, वीरेन्द्र सिंह दांगी पुत्र स्व धनीराम दांगी निवासी ग्राम दलीपुरा, रामनिवास पुत्र भगवत प्रसाद शर्मा ग्राम इटोदा, कप्तान सिंह पुत्र पूरन सिंह ग्राम कुमरिया, खेमराज पुत्र राम दयाल ग्राम सुखदेवपुरा, घनश्याम यादव पुत्र परमानंद यादव ग्राम चितवा, उदय सिंह राजपूत पुत्र खुमान सिंह ग्राम तिलेथा, नरेश यादव पुत्र प्रेमनारायण यादव निवासी पठापूरा के नाम शामिल है। उक्त लायसेंस धारकों द्वारा लायसेंस की शर्तो का उल्लंघन किये जाने तथा लायसेंसी शस्त्र से क्षेत्र में दशहत फैलाने का कृत्य किये जाने से लायसेंसधारियों को स्वीकृत शस्त्र लायसेंस को तत्काल प्रभाव से प्रकरण के अंतिम निराकरण तक की अवधि के लिए निलंबित किए गए है।



## बारिश के बीच कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने किया जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण।

**दतिया।** कलेक्टर ने शहर भ्रमण कर जल भराव क्षेत्र का अफसरों के साथ किया निरीक्षण अफसरों को त्वरित जल निकासी एवं राहत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दतिया में हो रही बारिश के चलते कई जगह बन रही जल भराव की स्थिति कलेक्टर ने बारिश के बीच देखी जल भराव की स्थिति निरीक्षण के दौरान अफसरों को कलेक्टर की दो टूक राहत और बचाव कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं।

### थाना झांसीरोड पुलिस की फरार आरोपी के खिलाफ कार्यवाही

# शादी का झांसा देकर महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को थाना झांसीरोड पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ग्वालियर, जीएनएस।**

घटना का संक्षिप्त विवरणः- फरियादिया ऊषा(परिवर्तित नाम) निवासी जनकगंज जिला ग्वालियर ने दिनांक 04.08.2026 को थाना झॉसीरोड़ में रिपोर्ट लेख कराई कि वह वर्ष 2023 में अपने घर मे किराने की दुकान चलाती थी मेरे घर के सामने एक मकान बन रहा उसमें मनीष जाटव सेन्टिंग का काम करने आया था उसी समय मेरी उससे जान पहचान हो गई। मनीष ने स्वयं को अविवाहित बताते हुए एवं शादी करने का आश्वासन देकर मुझे अपने साथ रहने के लिए प्रेरित किया। बहकावे में आकर मैं उसके साथ नाका चन्द्रवदनी में रहने लगी जहॉ उसने शादी का झांसा देकर मेरे साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए तथा समय-समय पर मुझे अपने साथ विभिन्न स्थानों पर रखा तथा बाद में कई बार छोड़कर चला गया। मनीष द्वारा पुनः शादी का आश्वासन देकर विश्वास में लिया गया, किंतु अंततः उसने शादी नहीं की और लगातार टालमटोल करता रहा है मनीष ने मुझे शादी का झांसा देकर कई बार गलत काम किया है । फरियादिया की रिपोर्ट पर से थाना झॉसीरोड में आरोपी के खिलाफ अप0क्र0 233/26 धारा 69 बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उक्त मामला संज्ञान में आने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक ग्वालियर शहर(पूर्व) डॉ. श्री शिवेश सिंह बघेल को थाना झांसीरोड पुलिस टीम से उक्त प्रकरण में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कराने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में सीएसपी विश्वविद्यालय श्री संदीप बांगरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी झांसीरोड निरी0 शक्ति सिंह यादव के द्वारा थाना बल की टीम को उक्त प्रकरण में वांछित आरोपी को पकड़ने हेतु लगाया गया। दौराने विवेचना पुलिस टीम द्वारा आरोपी की तलाश उसके निवास व छिपने के संभावित जगहों पर की गई। इसी दौरान दिनांक 06.08.2026 को पुलिस टीम को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि उक्त प्रकरण का आरोपी अपने घर पर है। उक्त सूचना पर से पुलिस टीम मनीष जाटव की तलाश हेतु उसके निवास स्थान पर पहुँचे तो आरोपी मनीष जाटव पुलिस को देखकर अपने घर की छत से पीछे के रास्ते से भागने लगा जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मनीष जाटव पुत्र रघुवीर जाटव उस 32 साल निवासी बघेल बस्ती गोलपहाड़िया थाना जनकगंज ग्वालियर का होना बताया।

# हार्वर्ड सस्टेनेबिलिटी इम्पैक्ट समिट में शिवपुरी के ध्रुव सांखला ने पहला तथा अभिनंदन सांखला ने दूसरा स्थान हासिल कर बढ़ाया जिले का गौरव

**शिवपुरी, जीएनएस।**

जिले के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान का विषय है कि शिवपुरी के ध्रुव सांखला एवं अभिनंदन सांखला न हार्वर्ड सस्टेनेबिलिटी इम्पैक्ट समिट में

पूना में देशभर से आए हजारों प्रतिभागियों के बीच अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की। ध्रुव सांखला ने प्रथम और अभिनंदन सांखला ने दूसरा स्थान प्राप्त कर शिवपुरी जिले को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले ध्रूव सांखला ने अपने उत्कृष्ट नेतृत्व, प्रभावशाली कूटनीतिक कौशल, टीम वर्र्क एवं सतत विकास लक्ष्यों की गहरी समझ के आधार पर अपनी टीम को विजयी बनाने में मुख्य भूमिका अदा की। इस उपलब्ध्‍ि के साथ उनकी टीम को अमेरिका के



बोस्टन स्थित हावर्ड विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली इम्पेक्टि समिट में भाग लेने हेतु छात्रवृत्ति प्रदान की गई। साथ ही उन्हें ऐशिया समिट से जुडऩे का भी महत्वपूर्र्ण अवसर प्राप्त हुआ। इस समिति में अभिनंदन सांखला ने दूसरा स्थान प्राप्त कर शिवपुरी का नाम राष्टीय स्तर पर गौरवान्वित किया। उन्होंने अपने उत्कृष्ट शोध, प्रभावशाली वक्तृत्व कला, रणनीतिक सोच एवं जेंडर इक्कालिटी विषय पर गहन समझ का परिचय देते हुए निर्णायकों को प्रभावित किया।

एक ही समिति में ध्रुव सांखला का प्रथम एवं अभिनंदन सांखला का द्वितीय स्थान प्राप्त करना शिवपुरी के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्ध्‍ि है। दोनों युवाओं की इस सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि शिवपुरी की प्रतिभाएं राष्टीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्टीय मंचों पर भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाने में सक्षम हैं। इस उल्लेखनीय उपलब्ध्‍ि पर शहर के शिक्षाविदों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने दोनों प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# ‘गुप्त जी ने अपनी कविताओं से भारत में अलग पहचान बनाई’: नरेन्द्र सिंह तोमर

**राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जयंती सप्ताह के विजेता एवं उप-विजेता पुरस्कृत**

**ग्वालियर, जीएनएस।** एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर यूथ सोसायटी द्वारा राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की जयंती के अवसर पर 27 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित 8 दिवसीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक सप्ताह के विजेता एवं उप-विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधानसभा अध्यक्ष माननीय नरेन्द्र सिंह तोमर जी ने कहा कि राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त को उनकी जयंती पर याद किया जाना ही उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि छोटे से गांव चिरगांव में जन्मे गुप्त जी ने अपनी कविताओं के माध्यम से सम्पूर्ण भारत वर्ष में अपनी एक अलग पहचान बनाई और चिरगांव का नाम रोशन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक डॉ. सतीश सिकरवार जी ने की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जी अत्यंत सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी कविताएं भी सरल थीं, जिन्हें लोग आज भी गुनगुनाते हैं।

**8 दिन चले ये आयोजन**

संस्था के अध्यक्ष संजय कट्ठल ने बताया कि इस सप्ताह के दौरान चित्रांकन प्रतियोगिता, नृत्य महोत्सव, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता,




रंगोली सजाओ, मेहंदी रचाओ, नेत्र परीक्षण शिविर, काव्य पाठ एवं कवि सम्मान समारोह के साथ-साथ राष्ट्रकवि की प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**विशेष सम्मान**

इस अवसर पर सप्ताह के दौरान उल्लेखनीय कार्य करने वाले अशोक जैन, धीरज गोयल, मुकेश गुप्ता, राजेश त्रिपाठी, ईशा अग्रवाल एवं बेताल को सम्मानित किया गया। मध्य प्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नवनिर्वाचित मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल का भी सम्मान किया गया।

**159 प्रतिभागियों को पुरस्कार**

विजेता एवं उप-विजेता बच्चों में दृष्टि प्रजापति, तृषा यादव, दीपक कविता, प्रथम बाथम, भूमि चौधरी, प्रिया सक्सेना, मानवी पाल, प्रांजल राठौर, लावन्या चौपड़ा, राधिका मिश्रा, अनुष्का शर्मा, रिद्धिमा वैस, आध्या मिश्रा, शिवांगी कांकर, वृद्ध खंडेलवाल, गौरवी जैन, मुस्कान, वंशिका, अक्षिता, तिथि श्रीवास्तव, श्रेया गुर्जर, आयुषी सेन, कृष्णा प्रजापति, साक्षी कुशवाह, साधना शर्मा, अंशिका भार्गव, नवनीत जरीवाल, नीरा टुडु, राघव शर्मा, पीहू शर्मा, अदरिका गुप्ता, अदविका जैन, कनिष्ठा, कर्णिका, वर्णिका थापा, अंशिका मिश्रा सहित कुल 159 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

**उपस्थित गणमान्य**

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष अशोक जादौन, जीडीए के उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता एवं संरक्षक सुरेश गुप्ता ÷दादा÷ उपस्थित थे।

जीवाजी क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र सेठ, गहोई समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम कुचिया, डॉ. श्री प्रकाश लोहिया, दिनेश गेंडा, अशोक कस्तवार, जगदीश दमेले, सुभाष गुप्ता, राजीव बेहर, ओमप्रकाश अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन दीपक अग्रवाल ने किया एवं आभार व्यक्त सुनील कट्ठल ने किया।

## वरिष्ठ नागरिकों ने रेल किराये में रियायत बहाल करने की उठाई मांग, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**फिरोजाबाद।** वृद्ध जन समिति के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा को प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपकर वरिष्ठ नागरिकों के लिए रेल एवं हवाई यात्रा में मिलने वाली रियायत बहाल करने और आयुष्मान भारत योजना का लाभ 60 वर्ष की आयु से उपलब्ध कराने की मांग उठाई।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि कोरोना काल से पहले वरिष्ठ नागरिकों को रेल और हवाई यात्रा में किराये की रियायत मिलती थी, जिसे फिर से लागू किया जाना चाहिए। साथ ही 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान योजना का लाभ देने की भी मांग की गई।

ज्ञापन में नगर निगम द्वारा बनाए गए सीनियर केयर सेंटर जल्द शुरू कराने, मेडिकल कॉलेज अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों के लिए 10 बेड का अलग वार्ड आरक्षित करने, सरकारी कार्यालयों और बैंकों में उनके कार्यों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने तथा सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने की मांग भी की गई। इसके अलावा जिले में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए अधिकारियों और वरिष्ठ नागरिकों की संयुक्त समिति गठित करने का सुझाव भी दिया गया। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने सभी मांगों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## पांच लाख तक का ब्याजमुक्त ऋण लेकर बनें उद्यमी, दूसरों को दें रोजगारः डीएम

**फिरोजाबाद, जीएनएस।** पालीवाल हॉल में गुरुवार को एमएसएमई योजनाओं पर आयोजित कार्यशाला में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने युवाओं से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर स्वरोजगार अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा केवल नौकरी तलाशने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले उद्यमी बनें।

कार्यशाला में जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए औद्योगिक क्षेत्र को मजबूत करना जरूरी है।



फिरोजाबाद ग्लास और चूड़ी उद्योग के कारण प्रदेश की औद्योगिक पहचान का महत्वपूर्ण केंद्र है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत पात्र युवाओं को बिना गारंटी पांच लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण दिया जा रहा है, जिसका अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में बैंक प्रबंधकों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि युवा उद्यमियों को बार-बार बैंकों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए बैंक अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

इससे अधिक से अधिक युवा आत्मनिर्भर बन सकेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लाभार्थी योगेश कुमार, विनय यादव, आशीष कुमार और आकांक्षा अग्रवाल तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थी पंकज कुमार, जगत सिंह, अजय कांत, राकेश यादव और प्रमोद कुमार को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

## कांवड़ यात्रा की सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, एडीजी ने दिए सख्त निर्देश

**फिरोजाबाद में अपराध समीक्षा बैठक, हिस्ट्रीशीटरों पर गैंगस्टर और संपत्ति कुर्की की कार्रवाई तेज करने के आदेश**

**फिरोजाबाद।** श्रावण मास में कांवड़ यात्रा की सुरक्षा और जिले की कानून-व्यवस्था को लेकर आगरा जोन के अपर पुलिस महानिदेशक ने गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में समीक्षा बैठक की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे की मौजूदगी में हुई बैठक में अपराध नियंत्रण, साइबर अपराध, महिला एवं बाल अपराधों के निस्तारण और कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए।

एडीजी ने कहा कि जिले में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए और सभी विवेचनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। ई-साक्ष्य संकलन, यक्ष एप पर अपराधियों और हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन, सी-प्लान और जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में टॉप-10 अपराधियों, हिस्ट्रीशीटरों, जिलाबदर और आदतन अपराधियों की लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। जरूरत पड़ने पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई कर अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों की कुर्की को प्राथमिकता देने के लिए भी कहा गया।

साइबर अपराधों की समीक्षा करते हुए एडीजी ने साइबर ठगी की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई, एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण और पीड़ितों को शीघ्र राहत दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने पर भी बल दिया।

बैठक के बाद एडीजी ने टूंडला-एटा कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने बैरिकेडिंग, डायवर्जन, सीसीटीवी निगरानी, संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती, यातायात व्यवस्था और श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए शिविरों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अध?

## हरियाली यात्रा एवं तिरंगा यात्रा के लिए बैठक आयोजित

**श्योपुर, जीएनएस।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा कराहल विकास खंड के ग्राम पनवाडा स्थित आंगनबाडी केन्द्र भवन में ग्राम विकास समिति सदस्य, ग्राम पंचायत के कर्मचारियों तथा नवांकुर सखियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती नीतू गौतम द्वारा स्वच्छता पर्व अंतर्गत हरियाली यात्रा एवं तिरंगा यात्रा की



कार्ययोजना तैयार करने के लिए सभी से सुझाव प्राप्त करते हुए ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के संयुक्त तत्वाधान में हरियाली अमावस्या के अवसर पर हरियाली यात्रा के भव्य आयोजन हेतु रूपरेखा तैयार की गई।

इस अवसर पर जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक श्रीमती नीतू गौतम द्वारा बताया गया कि हमें एक पेड माँ के नाम अभियान के तहत पेड लगाना है और अन्य लोगों को भी पौधरोपण के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर एक पेड माँ के नाम अभियान अंतर्गत आंगनबाडी परिसर में पौधरोपण भी किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में नवांकुर संस्था सरस्वती महिला मंडल के अध्यक्ष श्री दीपक गुप्ता द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सचिव श्री धीरज धाकड, ग्राम विकास प्रस्फुटन समीति के सचिव श्री विमल यादव जन साहस संस्था के श्री उदय यादव के साथ समिति सदस्य एवं ग्रामवासियों की सहभागिता रही। इस अवसर पर स्वच्छता एवं पर्यावरण की शपथ भी ली गई।

## चित्रकला, रंगोली व निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित

**श्योपुर, जीएनएस।** माननीय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर श्री बी एल प्रजापति के मार्गदर्शन में 04 अगस्त से 06 अगस्त तक उल्लासः एक अभिनव प्रयोग अभियान अंतर्गत जिला न्यायालय श्योपुर में पदस्थ न्यायिक अधिकारियों न्यायालयीन अधिकारी व कर्मचारी एवं अधिवक्तागण के बच्चों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता और छिपी हुई प्रतिभा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से चित्रकला, रंगोली व निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला न्यायालय परिसर में स्थित ए.डी.आर. सेंटर, श्योपुर में किया गया।

**प्रतिभागियों में दिखा अभूतपूर्व उत्साह**

इन प्रतियोगिताओं में जिला न्यायालय श्योपुर में पदस्थ न्यायिक अधिकारियों, न्यायालयीन अधिकारी व कर्मचारी एवं अधिवक्तागण के बच्चों ने अत्यंत उत्साह एवं उमंग के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने अपनी उत्कृष्ट कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अत्यंत सुंदर, आकर्षक एवं सामाजिक संदेश देने वाली रंगोलियां व चित्र बनाएं। साथ ही, निबंध प्रतियोगिता में अपनी मौलिक सोच और लेखन शैली से सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उत्साहवर्धन किया।

**15 अगस्त को किया जाएगा पुरूस्कृत**

आयोजन के समापन अवसर पर प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजयी प्रतिभागियों को आगामी 15 अगस्त, 2026 (स्वतंत्रता दिवस) के मुख्य समारोह में मंच से विशेष रूप से पुरुस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा।

# श्रीकृष्ण ने बांसुरी की मधुर धुन से संपूर्ण विश्व को ब्रजमंडल की ओर आकर्षित किया : धर्म पथिक शैलेन्द्र कृष्ण महाराज

**वृन्दावन जीएनएस**

ग्राम धौरेरा/राधा मोहन नगर स्थित मां धाम आश्रम में श्रावण मास के अवसर पर आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव में षष्ठम दिवस की कथा का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति के साथ हुआ। व्यासपीठ पर विराजमान प्रख्यात भागवताचार्य ÷धर्म पथिक÷ शैलेन्द्र कृष्ण महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी से देश-विदेश से आए भक्तों एवं श्रद्धालुओं को महारास लीला, मथुरा गमन, कंस वध तथा भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की कथा का रसपान कराया।

व्यासपीठ से कथा का रसास्वादन कराते हुए ÷धर्म पथिक÷ शैलेन्द्र कृष्ण महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा असंख्य ब्रज गोपिकाओं के साथ की गई महारास लीला अत्यंत दिव्य एवं रसमयी थी। महारास में सम्मिलित ब्रज गोपिकाएं कोई साधारण स्त्रियां नहीं थीं, बल्कि पूर्व जन्म के महान तपस्वी ऋषि-मुनि थीं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को अपने पति के रूप में प्राप्त करने के लिए अनंत युगों तक कठोर तपस्या की थी। यही कारण



है कि ब्रज गोपिकाएं भी भगवान श्रीकृष्ण के समान परम आनंदमयी एवं चिन्मयी थीं।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रज गोपिकाओं के हृदय की अभिलाषा पूर्ण करने तथा अभिमानी कामदेव के अभिमान को नष्ट करने के लिए श्रीधाम वृन्दावन में यमुना तट पर शरद पूर्णिमा की रात्रि में महारास लीला की। भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी मधुर बांसुरी की धुन से संपूर्ण विश्व को ब्रजमंडल की ओर आकर्षित किया। लीला पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण की महारास लीला के दर्शन करने के लिए समस्त देवी-देवताओं के साथ भगवान शिव ने भी ब्रज गोपी का स्वरूप धारण कर श्रीधाम वृन्दावन की ओर प्रस्थान किया।

इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण एवं रुक्मिणी विवाह की अत्यंत नयनाभिराम एवं चित्ताकर्षक झांकी सजाई गई। विवाह से संबंधित बधाई गीतों का भी गायन हुआ, जिस पर उपस्थित भक्तों एवं श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया और भक्ति में सराबोर हो गए।

प्रख्यात साहित्यकार ÷यूपी रत्न÷ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया कि यह आयोजन ÷धर्म रत्न÷ आचार्य शैलेन्द्र कृष्ण महाराज के जन्मोत्सव एवं मां धाम के वार्षिकोत्सव के रूप में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महाराज का जन्मदिन 9 जुलाई को भोपाल में भी वृहद स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में श्रीमज्जगद्गुरु नाभापीठाधीश्वर स्वामी सुतीक्ष्णदास देवाचार्य महाराज, पुराणाचार्य डॉ. मनोज मोहन शास्त्री, पंडित आर.एन. द्विवेदी (राजू भैया), आचार्य विमल कृष्ण पाठक, साध्वी वर्षा हरि कौशल, डॉ. राधाकांत शर्मा, आचार्य हरिहर मुद्गल, संत मोहन बाबा, आचार्य महेश शास्त्री, जय शंकर, आकाश तिवारी, साक्षी तिवारी सहित विभिन्न क्षेत्रों के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम एवं 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का आयोजन

**ग्वालियर जीएनएस**

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड घाटीगांव द्वारा शासकीय मॉडल स्कूल घाटीगांव में संवाद योजना के अंतर्गत 'प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम' आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवांकुर संस्था सफल युवा मंडल के सहयोग से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया गया तथा विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।




कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री स्वीटी मंगल, जिला समन्वयक श्री धर्मेंद्र दीक्षित, बीईओ घाटीगांव, शासकीय मॉडल स्कूल के प्राचार्य श्री सीताराम दंडोतिया एवं विकासखंड समन्वयक श्री विनोद शर्मा सहित नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, परामर्शदाता एवं प्रस्फुटन समितियों के सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री स्वीटी मंगल ने कहा कि शिक्षा जागरूक एवं जिम्मेदार समाज के निर्माण का आधार है। उन्होंने विद्यालय से बच्चों को जोड़ने, बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

जिला समन्वयक श्री धर्मेंद्र दीक्षित ने कहा कि जन अभियान परिषद समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की सोच पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर संस्थाओं से शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति, स्वच्छता और जल संरक्षण जैसे विषयों पर सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया।

विकासखंड समन्वयक श्री विनोद शर्मा ने कहा कि संवाद योजना का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की प्रक्रिया से जोड़ना है। वहीं विद्यालय के प्राचार्य श्री सीताराम दंडोतिया ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय, समाज और अभिभावकों के सामूहिक प्रयास को आवश्यक बताया।

कार्यक्रम का संचालन सफल युवा मंडल के अध्यक्ष श्री अरविंद कुशवाहा ने किया। उन्होंने पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी नियमित देखभाल कर उसे वृक्ष बनाना भी हमारी जिम्मेदारी है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह, बृजेश गुर्जर, चांदनी शर्मा, खुशबू शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आज से जैन छात्रावास में दो दिवसीय मानसून कार्निवाल-2026

**ग्वालियर जीएनएस**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन, चंबल रीजन एवं दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप ग्रेटर ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में 8 एवं 9 अगस्त को वीर जैन छात्रावास, ग्वालियर में भव्य ÷मानसून कार्निवाल-2026÷ का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन में देशभर के करीब 50 शहरों से दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन की राष्ट्रीय टीम एवं प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे। रीजन अध्यक्ष अनुपम चौधरी एवं सचिव आशीष जैन (एडवोकेट) ने बताया कि कार्निवाल का शुभारंभ 8 अगस्त, शनिवार को शाम 4 बजे होगा।

**ये होंगे प्रमुख आकर्षण :**

दो दिवसीय मानसून कार्निवाल में समाज के व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ट्रेड फेयर, राष्ट्रीय सुर-संधि अंताक्षरी प्रतियोगिता का सेमीफाइनल एवं ग्रैंड फिनाले, सामाजिक सरोकारों पर आधारित लाइव नाट्य मंचन ÷मंथन-बदलती दुनिया, बदलते लोग÷, वीर योद्धा सम्मान, मेधावी छात्र सम्मान, पारिवारिक फैशन शो, क्रिएटिव आर्ट एवं क्राफ्ट तथा 30 आकर्षक पुरस्कारों का लकी ड्रॉ प्रमुख आकर्षण होंगे।

**कल होगी प्रथम राष्ट्रीय कैबिनेट मीटिंग :** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन की वर्ष 2026 की प्रथम राष्ट्रीय कैबिनेट मीटिंग 9 अगस्त, रविवार को प्रातः 9 बजे आयोजित होगी। बैठक का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा किया जाएगा।

बैठक में राकेश विनायका (निवर्तमान अध्यक्ष), विनय जैन (महासचिव), अमित कासलीवाल (राष्ट्रीय परामर्शदाता) एवं अश्वनी कासलीवाल (राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष) संस्था की प्रगति एवं भावी योजनाओं पर अपने विचार रखेंगे।

# मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में उमड़ा जनसैलाब, हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

**ग्वालियर जीएनएस**

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक-6 में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आमजनों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया तथा हितलाभ के प्रमाण-पत्र भी मौके पर ही वितरित किए गए। इसके साथ ही नागरिकों की विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया।

निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने बताया कि आमजन को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए भटकना न पड़े और उनकी शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान हो सके, इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार प्रत्येक



शुक्रवार को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पहला शिविर क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक-6 में लगाया गया। शिविर में नगर निगम के सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में हितग्राही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने और अपनी समस्याएं लेकर शिविर में पहुंचे। मौके पर ही 13 हितग्राहियों को कल्याणी पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया गया। साफ-सफाई से संबंधित 5 शिकायतों का तत्काल निराकरण किया गया। इसी प्रकार 1 नामांकन संबंधी प्रकरण का निराकरण किया गया तथा 3 शिकायतकर्ताओं को जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराए गए। इसके अलावा 5 स्ट्रीट लाइट संबंधी शिकायतों तथा 2 सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का भी मौके पर निराकरण किया गया। शिविर में सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए, जिनका नियमानुसार शीघ्र निराकरण किया जाएगा।

## निगम परिषद की बैठक 10 अगस्त को दोपहर 3 बजे तक स्थगित

**ग्वालियर जीएनएस**

नगर निगम परिषद के विशेष आहूत सम्मेलन का आयोजन नगर पैनल सभापति मंजू राजपूत की अध्यक्षता में जल विहार परिषद सभागार में किया गया। बैठक के प्रारंभ में विद्युत विभाग द्वारा केवल खरीदी की जांच के संबंध में नगर निगम परिषद द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट के वाचन के उपरांत पैनल सभापति ने निर्देश दिए कि नगर निगम आयुक्त रिपोर्ट में की गई अनुशंसाओं के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करें तथा सदन को इससे अवगत कराएं। इसके उपरांत शहर में बारिश के दौरान हो रहे जलभराव एवं सीवर की समस्या को लेकर चर्चा प्रारंभ हुई। चर्चा जारी रहने के दौरान बैठक को 10 अगस्त 2026 को दोपहर 3 बजे तक स्थगित कर दिया गया।

## लायंस क्लब ग्वालियर ने मेहंदीपुर बालाजी सरकार के श्रीचरणों में किया सेवा कार्य

**ग्वालियर जीएनएस**

लायंस क्लब ग्वालियर क्वीन इंटरनेशनल 2026-27 द्वारा राजस्थान स्थित पावन धाम श्री मेहंदीपुर बालाजी में सेवा कार्य करते हुए प्रसादी एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कमांडो धर्मशाला में आयोजित इस सेवा कार्य में लगभग 200 श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन नीतू अग्रवाल द्वारा गुरु महाराज श्री अशोक जी का सम्मान किया गया। गुरु महाराज ने लायंस क्लब ग्वालियर क्वीन की अध्यक्ष, उनके परिवार एवं क्लब की समस्त सदस्याओं को अपना स्नेह एवं आशीर्वाद प्रदान किया।



कार्यक्रम में क्लब की सभी सदस्याओं का विशेष सहयोग रहा। इस पुनीत सेवा कार्य को सफल बनाने में बालाजी सरकार की संपूर्ण टीम का भी सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। सभी के सामूहिक प्रयास, सेवा भाव एवं श्रद्धा से भंडारा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## अटल नगर में जल भराव से राहत

वार्ड क्रमांक 19, अटल नगर में क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती कमलेश बलवीर सिंह तोमर के विशेष प्रयास से नाले पर हुए अतिक्रमण को नगर निगम द्वारा हटाकर नाले का पुनर्निर्माण कराया गया। अब क्षेत्रवासियों को बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से राहत मिल रही है।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक रामकिशन तायल 'फौजी' ने श्रमसाधना प्रिन्टर्स, भगवती निवास पारखजी का बाड़ा दौलतगंज, ग्वालियर से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : महेश तायल समाचार चयन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत अधिकृत
e.mail- Shramsadhnagwl@gmail.com ph. 0751-2625029, 98270 17078, 9425007142 समाचार पत्र में प्रकाशित सभी आलेखों में लेखकों के अपने विचार हैं। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ग्वालियर होगा।